
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 22 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 16वें सिविल सर्विस डे पर आईएएस अधिकारियों को संबोधित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 110 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पुंछ अटैक: हमलावरों की तलाश जारी

## घायल जवान बोला- 7 आतंकियों ने ग्रेनेड अटैक किया, 5 फौजी शहीद हुए, पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**कश्मीर** में सेना के ट्रक पर आतंकी हमले के मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में घायल एक जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। शुक्रवार दोपहर तक टीम घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेगी। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आतंकी दो ग्रुप में बंटे हैं। हमला गुरुवार दोपहर 3 बजे राजौरी सेक्टर में तब हुआ, जब सेना के तीन वाहन जवानों को लेकर राजौरी-पुंछ नेशनल हाईवे पर भीमबेर गली से पुंछ की तरफ जा रहे थे।

तेज बारिश और कम विजिबिलिटी का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर एक वाहन को घेरा। इसके बाद ग्रेनेड फेंके और करीब 50 राउंड फायर किए। इससे वाहन में आग लग गई। इस हमले में राष्ट्रीय रायफल्स यूनिट के 5 जवान शहीद हो गए। एक जवान जख्मी हुआ था। हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट ने ली है। कल दोपहर में सेना ने इसे हादसा बताया था, लेकिन शाम 6:33 बजे पुष्टि की कि यह आतंकी हमला है। तेज बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर वाहन को घेरा। फिर हमला किया।




### कौन है पीएएफएफ...?

**पीपुल्स** एंटी-फासिस्ट फ्रंट पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद समर्थित समूह है। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से ही पीएएफएफ का नाम सामने आने लगा था। यह संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद के मारे गए कमांडर जाकिर मूसा से प्रेरित है, जो आतंकी संगठन अल-कायदा का वफादार माना जाता है।

**ओडिशा और पंजाब के रहने वाले थे शहीद जवान:** शहीदों की पहचान लांस नायक देबाशीष बसवाल, लांस नायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह, सिपाही सेवक सिंह और हवलदार मनदीप सिंह के रूप में हुई है। इनमें से लांस नायक देबाशीष बसवाल ओडिशा के रहने वाले हैं, अन्य चार शहीद पंजाब के निवासी हैं।

# हरियाणा-पंजाब से वाटर सेस नहीं ले सकेगा हिमाचल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा**-पंजाब से अब हिमाचल प्रदेश वाटर सेस नहीं ले सकेगा। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के वाटर सेस के फैसले पर रोक लगा दी है। केंद्र की ओर से लेटर जारी कर हिमाचल प्रदेश को वॉर्निंग दी गई है कि यदि वह ऐसा करता है तो केंद्र की ओर से दी जाने वाली सभी ग्रांट पर रोक लगा दी जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने केंद्र के इस फैसले की पुष्टि की है। केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश को भेजी गई चिट्ठी में लिखा है कि 'आप किसी अंतरराज्यीय समझौते का उल्लंघन नहीं कर सकते। साथ ही किसी प्रकार का वाटर सेस नहीं लगा सकते हैं, यदि राज्य के द्वारा ऐसा किया जाता है तो केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की ग्रांट को केंद्र सरकार रोक देगी। हालांकि केंद्र की चिट्ठी को लेकर अभी तक हिमाचल प्रदेश की ओर से कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। तंगी से जूझ रही हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए पनबिजली उत्पादन पर वाटर सेस लागू किया है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर राजस्व जुटाने के लिए प्रदेश सरकार ने बिजली उत्पादन पर पानी का सेस लगाने का फैसला लिया है।



### केंद्र की सख्ती

= केंद्र सरकार ने लगाई रोक; सेंट्रल ग्रांट रोकने की वॉर्निंग, सीएम मनोहर की सीएम सुक्खू से आज मीटिंग

# अडाणी ने मुझ तक पहुंचने की कोशिश की: महुआ मोइत्रा

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि बिजनेसमैन गौतम अडाणी से मुझ तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दरवाजा तक नहीं मिली। उसमें दाखिल होना तो दूर की बात है। मेरे पास उनसे बातचीत करने के लिए कुछ भी नहीं है। मेरा मानना है कि जब तक सरकार अडाणी से जुड़े मामले में कार्रवाई नहीं करती, किसी भी नेता को उस शख्स से संबंध नहीं रखना चाहिए। सांसद ने एनसीपी नेता शरद पवार की गौतम अडाणी से मुलाकात की भी आलोचना की। उन्होंने शरद पवार और अडाणी की मुलाकात की एक खबर शेयर करते




# ज्ञानवापी मामला: वुजू के लिए 6 टब रखे जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**वाराणसी के** ज्ञानवापी मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के अंदर वुजू स्थल और टॉयलेट की व्यवस्था कराने की मांग की। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यूपी सरकार को ज्ञानवापी परिसर में 6 टब उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कहा कि पानी की व्यवस्था करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट निगरानी करेंगे। यह व्यवस्था केवल ईद तक रहेगी। इसके बाद डीएम निरीक्षण करेंगे। बता दें कि वुजूखाना 11 महीने से सील है। मुस्लिम पक्ष ने इसको लेकर 6 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ में याचिका दायर की थी। इसमें उनकी ओर से कहा गया था कि वुजू के लिए पानी का इस्तेमाल ड्रम से किया जा रहा है। रमजान को देखते हुए नमाजियों की संख्या बढ़ गई है। इसलिए वुजू स्थल और टॉयलेट की व्यवस्था कराई जाए। 14 अप्रैल को छुट्टी होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को मामले की सुनवाई की थी। कोर्ट ने वाराणसी के डीएम को निर्देश दिया था कि ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम श्रद्धालुओं के वुजू के लिए सही व्यवस्था कराने के लिए एक बैठक करें। डीएम ने बैठक कर रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को भेज दी थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने यूपी सरकार की तरफ से कहा कि वुजू के लिए 6 टब दिए जाएंगे।



# पटना में नमाज के बाद अतीक के समर्थन में लगे नारे



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**पटना** में शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज के बाद अतीक के समर्थन में नारे लगे हैं। पटना जंक्शन के पास मस्जिद में नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अतीक अहमद अमर रहे के नारे लगाए। योगी-मोदी के खिलाफ भी नारेबाजी की। अतीक के समर्थन में नारेबाजी कर रहे रईस अंसारी उर्फ रईस गजनबी हैं। पटना जंक्शन के पास ही उसकी दुकान है। उन्होंने कहा कि आज हमने अल्लाह से दुआ की है अतीक अहमद और अशरफ अहमद की शहादत को कबूल फरमाएं।



# मुख्यमंत्री ने ड्रोन उपयोग के लिए नियम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों की सुविधा और निगरानी व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर ड्रोन सक्षम शासन शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने ड्रोन कंपनी के सहयोग से चंबा, कुल्लू और मंडी जिलों में चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित परीक्षण किया है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने विभाग को 15 दिनों की समयावधि के भीतर ड्रोन के उपयोग के संबंध



में प्रस्तावित नियम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ड्रोन संचालन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग नोडल एजेंसी होगी और संबंधित जिलों के उपायुक्त ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करने के इच्छुक संबंधित विभाग को सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ड्रोन हब विकसित करने के लिए स्थानों को चिन्हित करेंगे और इससे विभागों के कामकाज में भी दक्षता आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति लाइनों के पर्यवेक्षण, कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, सडक संबंधी निगरानी, पर्यटकों की आवाजाही की निगरानी, अवैध खनन और पेड़ों की अवैध कटाई जैसे क्षेत्रों की निगरानी में ड्रोन प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक विशेषकर राज्य के बर्फीले क्षेत्रों में अधिक उपयोगी साबित होगी।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राजस्व, वन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, तकनीकी शिक्षा और शिक्षा विभाग के 68 अधिकारियों सहित 189 लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पहला ड्रोन फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल आईटीआई शाहपुर में संचालित किया जा है और ड्रोन तकनीशियन कोर्स सात राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों मंडी, सिरमौर, शिमला, कांगड़ा, सोलन (2 आईटीआई) और कुल्लू जिलों में शुरू किया गया है।मुख्यमंत्री ने विभाग की विभिन्न नवाचार पहल की भी समीक्षा की और लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए आपातकालीन सेवाओं को छोडकर विभिन्न विभागों की सभी हेल्पलाइनों को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प-1100 हेल्पलाइन के साथ एकीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग को राज्य के डिजिटल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। राज्य सरकार लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न सेवाओं में नवीनतम तकनीक शामिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है।बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक विनय कुमार, और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में अंतर विभागीय बैठक

## आपसी तालमेल से सभी विभाग करें कार्य: उपायुक्त गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने आज जिला परिषद सभागार में अंतर विभागीय मुद्दों पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल न होने के कारण बहुत से विकास कार्य के निष्पादन में देरी होती है। बैठक में बताया कि छरुडू में प्रस्तावित गौ सदन के निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है तथा 1 सप्ताह के भीतर भू हस्तांतरण की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय बन्दरोल में खेल के मैदान के लिए भी भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने ग्राम पंचायत से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने समन्धित औपचारिकतायें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये है।उपायुक्त ने अधिकारियों को बिजली महादेव रोपवे के निर्माण स्थल का पुनः संयुक्त निरीक्षण कर सभी ओपचारिताएँ पूर्ण करने भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैला में विद्युत आपूर्ति योजना के लिए पाइप लाइन का कार्य पूरा किया जा चुका है।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि इस योजना क्रियाशील कर स्थानीय लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने विद्युत व जलशक्ति विभाग को वाइल्ड लाइफ इंटरप्रिटेशन सेंटर जलोड़ी में विद्युत तथा जल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. चंद्रशेखर व मनीष होंगे कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार प्रकाश चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

राज्य सहकारी बैंक हिमाचल प्रदेश के निदेशक पद के चुनाव के लिए जिला मंडी से डॉक्टर चंद्रशेखर और मनीष कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार होंगे। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने किया शब्द कहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिला मंडी से डा. चन्द्रशेखर शर्मा व मनीष को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निर्देशक पद के चुनाव लड? के लिए अधिकृत किया। उनके नाम पे कांग्रेस पार्टी के सभी नेता सभी अधिकारियों व नेताओं की एकमत सहमती बनी। जैसा कि डा. चन्द्रशेखर शर्मा पिछले 40 वर्षो से कांग्रेस पार्टी में छात्र राजनीति से प्रदेश राजनीति तक विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं व उच्च शिक्षा प्राप्त उमीदवार हैं। इन्होनें वाणिज्य में पीएचडी की हुई है। सभी चीजों को मध्य नजर रखते हुए इनपर पार्टी व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर चंद्रशेखर और मनीष की जीत को सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता काम करेंगे। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक हिमाचल का अपना बैंक है तथा इस बैंक को विकसित करना सबक जिम्मेदारी है। निदेशक मंडल में जब अनुभवी लोग बैठेंगे तो बैंक दिन दुगनी रात चौगुनी उनकी करेगा। उन्होंने कहा कि सुंदर नगर से 8 और मंडी जॉन से 10 लोगों ने नॉमिनेशन फाइल किया है मगर कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं जो अवश्य जीत दर्ज करेंगे।

### कांग्रेस की नाकामियों को ढूंढने के बजाये भाजपा अपने कार्यकाल की उपलब्धियां जनता को बताएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

हिमाचल प्रदेश में सरकार बदलने के बाद धीरे-धीरे व्यवस्था भी परिवर्तित होगी। लेकिन इसमें कुछ समय लग सकता है।

चम्बा मे एक अनौपचारिक ब्यान जारी करते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर इसको लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन कई भाजपाई पदाधिकारियों के गले नहीं उतर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल चम्बा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने चम्बा मे स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मैडिकल कालेज चम्बा के निर्माण कार्य का जायजा लिया। लेकिन कुछ भाजपा पदाधिकारी उनके दौरे को फ्लाप बताकर बेतुकी वाहवाही लूटने के फिराक मे है। उन्होंने कहा कि कुछ भाजपाई यह भी कहते है कि चम्बा सदर के विधायक शिमला मे ही रहते है। उन्होंने कहा कि चम्बा के विकास करवाने के लिए ही चम्बा सदर विधायक शिमला जाते है। वहीं पिछले 15 वर्षों के इतिहास मे पहली बार चम्बा के लोकप्रिय विधायक नीरज नैयर ने ही चम्बा के विकास व मैडिकल कालेज के जल्द बनाये जाने से संबंधित आवाज विधानसभा मे उठाई है। जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले है। जिसके फलस्वरूप स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चम्बा दौरा किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से चम्बा विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा विधायक ही रहे हैं। लेकिन आज दिन तक किसी ने भीचम्बा के विकास से संबंधित विधानसभा मे अपना सही पक्ष नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय विधायक नीरज नैयर 15 सालों बाद कांग्रेस पार्टी के विधायक बने है उनसे कोई हिसाब पूछने के बजाय भाजपाई पदाधिकारियों को पिछले भाजपा विधायकों का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रखना चाहिए ताकि लोगों को भी पता चले कि पूर्व भाजपा सरकार ने चम्बा के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाने मे कब कब क्या क्या किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बने अभी 4 माह का समय बीता है। इसलिए व्यवस्था को पटरी पर आते आते कुछ वक्त लग सकता है। इसलिए मुद्दों को भटकाने के बजाय सभी को चम्बा के विकास मे अपना सहयोग देना चाहिए।

# खरौंट की बेटी काजल दुबई की नामी कंपनी में देगी सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/राजगढ़**

इरादे मजबूत हो तो मुसीबतें भी राह से स्वतः ही किनारा कर जाती है। यह कहावत राजगढ़ ब्लॉक के रासूमांदर सीमा पर स्थित दूरदराज गांव खरौंट की काजल चैहान पर सही चरितार्थ होती है जिसने मेहनत के दम पर बहुत ऊंचा मुकाम हासिल किया है। बता दें एक साधारण कृषक परिवार की बेटी काजल चौहान को दुबई की एक नामचीन मल्टीनेशनल कंपनी ट्रांसगार्ड में सेवा करने का मौका मिला है। काजल चौहान के माता-पिता के घर बधाईयों देने वालों का तांता लग रहा है। गौर रहे कि काजल चौहान का जन्म खरौंट गांव में वर्ष 1997 में कल्याण सिंह के



घर हुआ। काजल चौहान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने ही गांव के प्राथमिक स्कूल नागन तथा 12वीं की पढ़ाई विज्ञान विषय के साथ कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्ट मोर शिमला से उतीर्ण की। तदोपंरात चंडीगढ़ विश्वविद्यालय खरड़ (पंजाब) से स्नातक करने के बाद काजल चौहान ने दो साल तक सोलन में एक फ ार्मा कंपनी में अपनी सेवाएं दी।

# मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं पर तेजी से कार्य करें :हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने नादौन उपमंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मुख्यमंत्री की घोषणाओं और प्राथमिकताओं से संबंधित विकासात्मक योजनाओं पर तेजी से कार्य करें। इन योजनाओं के लिए जमीन हस्तांतरण और अन्य सभी प्रक्रियाओं को अतिशीघ्र पूरा करें। वीरवार को नादौन के विश्राम गृह में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। बैठक में नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्तावित कई बड़ी परियोजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र के



विभिन्न गांवों, उपगांवों तथा बस्तियों के लिए प्रस्तावित लगभग 39 संपर्क मार्गों के लिए जमीन से संबंधित रिपोर्ट सोमवार तक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन भूमि से संबंधित मामलों की प्रक्रिया भी संबंधित रेंज अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके सोमवार तक पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नादौन में सेरीकल्चर की जमीन को पर्यटन विभाग के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगर इस जमीन पर कोई अतिक्रमण का मामला है तो उसका भी तुरंत निपटारा करें। उपायुक्त ने कहा कि खरीड़ी मैदान से भी स्ट्रक्चर्स हटाने के निर्देश दिए। नादौन में इलेक्ट्रिक बस डिपो एवं बस स्टैंड और वैलनेस सेंटर के लिए जमीन हस्तांतरण के मामले पर भी बैठक में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में डीएफ ओ राकेश कुमार, एसडीएम अपराजिता चंदेल, एचआरटीसी के डीडीएम विवेक लखनपाल,सहित आदि उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

संगठन को मजबूत करने के चलते कांग्रेस लगातार युवाओं नेताओं को सीनियर कांग्रेस में जगह दे रही है ताकि संगठन को और मजबूती के साथ चलाया जा सके इसी कड़ी में जिला सोलन के चार युवा कांग्रेस कार्यकताओं को सीनियर कांग्रेस में जगह दी गई है जिसको लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित ठाकुर ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह और शीर्ष नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि जिला के 4 युवा कांग्रेस साथियों को सीनियर कांग्रेस में जगह मिली है जिससे अन्य युवा नेताओं का मनोबल



भी बड़ा है और जिन लोगों ये नई जिम्मेदारी बड़ी है वे बेहतर कार्य सीनियर कांग्रेस में करेंगे।

इन्हें मिली जिम्मेदारी

ये सभी कार्यकर्ता एनएसयूआई से युथ काँग्रेस और यूथ काँग्रेस से सीनियर काँग्रेस में गए है जिनमे कसौली विधानसभा से राजेंद्र ठाकुर (जिला परिषद सदस्य सपरून वार्ड, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष और बीडीसी सदस्य, नालागढ़ से प्रिंस शर्मा) एनएसयूआई मे कॉलेज के निर्वाचित अध्यक्ष और दो बार युवा काँग्रेस नालागढ़ के अध्यक्ष और बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी (सोलन विधानसभा से रविन्द्रकांत शर्मा) यूथ काँग्रेस मे 2010 से सक्रिय और विधानसभा यूथ काँग्रेस वरिष्ठ कार्यकर्ता, सोलन विधानसभा से रितिन ठाकुर (युवा काँग्रेस सोलन के पूर्व महासचिव, जूडो के राष्ट्रीय खिलाड़ी, और बहुत ही अच्छे युवा ट्रांसपोर्टर और उद्यमी।

# वंदना ठाकुर ने भाजपा के पक्ष में टूटू वार्ड से नामांकन वापिस लिया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रत्न पाल सिंह ने बताया की टूटू वार्ड से वंदना ठाकुर ने भाजपा के पक्ष में नामांकन वापिस लिया है। वंदना ठाकुर ने भाजपा की नीतियों में अपना विश्वास जताते हुए नामांकन वापिस लेने का फैसला लिया।रत्न पाल ने बताया की भाजपा नगर निगम चुनावों में चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी और जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी का चार महीने का कार्यकाल रहा है उससे जनता कांग्रेस पार्टी को करारा झटका देने को तैयार है।

# तिब्बत युवा कांग्रेस ने दलाईलामा की छवि धूमिल करने के विरोध में निकाला आक्रोश जलूस



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में तिब्बत युवा कांग्रेस द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई, यह रैली तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा को उक्त मीडिया संस्थानों द्वारा बदनाम करने पर थी जिसमें समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।जानकरी देते हुए क्षेत्रीय तिब्बती युवा कांग्रेस अध्यक्ष त्सेरिंग हेंचेक ने बताया की पांवटा साहिब में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा की वीडियो को लेकर तिब्बती समुदाय के लोगों सहित भारत-तिब्बत मैत्री संघ तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भूपपुर से बद्रीपुर होते हुए एसडीएम कार्यालय तक शांतिपूर्ण विरोध रैली निकाली।

इस दौरान तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि धर्मगुरु के वीडियो पर विवाद धर्मगुरु दलाईलामा के माफी मांगने के बाद ही खत्म हो गया था, लेकिन कुछ लोगों की ओर से इस वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश कर धर्मगुरु दलाईलामा की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।तिब्बती समुदाय के लोगों ने बताया कि इस वीडियो में धर्मगुरु दलाईलामा की और से बच्चे के प्रति स्नेह को दशार्या जा रहा था, लेकिन कुछ लोगों ने इस वीडियो को गलत तरीके से पेश कर धर्मगुरु दलाईलामा की छवि पर गलत प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि धर्मगुरु दलाईलामा पूरे विश्व को शांति का संदेश देते हैंए ऐसे में धर्मगुरु के विरुद्ध इस तरह का प्रचार कतई सही नहीं है।लोगों ने धर्मगुरु दलाईलामा का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे लोग जो धर्मगुरु की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, उन लोगों को धर्मगुरु दलाईलामा से माफी मांगनी चाहिए।

# कोटरोपी में सजा अखाड़ा, सोमवार को होगा कुश्ती का महादंगल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पधर उपमंडल की उरला पंचायत के कोटरोपी में विशाल कुश्ती दंगल मेला सोमवार 24 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसके सफल आयोजन को लेकर जहां दंगल कमेटी ने तैयारियां जोर शोर से शुरू की हैं। वहीं महिला मंडल कोटरोपी ने भी सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाल लिया है। जिसके लिए महिलाओं ने शुक्रवार को मेला मैदान के साथ साथ स्कूल परिसर और साथ लगते जंगल में कंटीली झाडि?ों की कांट छांट की। वहीं प्राकृतिक बावड़ी को भी संवारा। महिला मंडल प्रधान



पुष्पा ठाकुर ने कहा कि नशेड़ी यहां जंगल की आबोहवा को बिगाड़ने के साथ साथ बावड़ी के समीप शराब की खाली बोतलें फैंक कर अव्यवस्था फैला रहे हैं। महिला मंडल ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटेगा। पकड़े जाने पर 500 रुपए जुमार्ना वसूला जाएगा। साथ ही स्थानीय पंचायत में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। मेले के दौरान भी महिला मंडल की महिलाएं पहरा देगी। मेले में शराब आदि की बिक्री करते कोई पकड़ा गया तो उसके खिलाफ पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया जाएगा। दंगल आयोजक कमेटी सदस्य खेम सिंह, शेर सिंह, गोपाल सिंह, केशव राम, बीरी सिंह, हरिया राम, लुभान सिंह, गद्दी राम सहित अन्यों ने कहा कि लखदाता पीर को समर्पित कुश्ती दंगल की पूर्वसंध्या को समीप के पंदलाही गांव में सवाल उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें बाबा लखदाता पीर की पूजा अर्चना उपरांत टमक बजा विधिवत आगाज किया जाएगा।

कुश्ती दंगल में प्रदेश सहित उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, यूपी, जेएंडके, दिल्ली आदि राज्यों के नामी गिरामी पहलवान अखाड़े में जोर आजमाइश करेंगे। जिसके लिए अखाड़े को बेहतर तरीके से तैयार किया जा रहा है।मंगलवार 25 अप्रैल को चुक्कू और 26 अप्रैल को थोरटगलू में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

# रेहड़ीधारकों को उजाड़ने में विधायक की कठपुतली बने कमिश्नर: भूपेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

सीटू से सबंधित रेहड़ी फहड़ी वर्कर्ज यूनियन ने वीरवार को नगर निगम मंडी के कमिश्नर एचएस राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को गैर कानूनी बताया है। इसे मजदूरों का रोजगार छीनने का एक तरफ ा कार्यवाई बताया है। मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सीटू के जिला अध्यक्ष और राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह सीटू महासचिव राजेश शर्मा और रेहड़ी फ हड़ी मजदूर यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार और सचिव प्रवीण कुमार ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जब से मंडी में नगर निगम बनी है तब से अब तक जो भी फैसले



टाउन वैंडिंग कमेटी में लिए गए हैं उनमें से कोई भी फैसला अभी तक लागू नहीं किया गया है । इसी मांग को यूनियन से जुड़े बैंडिंग कमेटी सदस्यों ने बैठक में उठाया जिसे कमिशन्नर ने अनसुना कर दिया और जिसके विरोध में यूनियन से जुड़े सभी सदस्यों ने बैठक से वाकआउट किया था। उन्होंने कहा कि पिछले कल आयोजित की गई बैठक गैर कानूनी प्रक्रिया के तहत बुलाई गई थी।कानून के तहत बने नियमों में टाउन वैंडिंग कमेटी की बैठक बुलाने के लिए सात दिन पहले नोटिस दिया जाना अनिवार्य है लेकिन इस बैठक की सूचना 19 अप्रैल शाम 4 बजे दी गई और अगले दिन सुबह 11 बजे बैठक आयोजित कर दी गई और बैठक का एजेंडा भी नहीं बताया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के कमिश्नर सदर के विधायक अनिल शर्मा की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं और ये सब उन्हीं के आदेशों से किया गया है।विधायक सकोढी पुल पर बनी नई पार्किंग को निगम को इस शर्त पर ट्रांसफर करने पर अड़े हुए हैं कि निगम पहले वहां से रेहड़ी वालों को हटाये अन्यथा वे इसे जिला प्रशासन को ट्रांसफ र कर देंगे। इस स्थान पर ये रेहड़ी वाले कई वर्षों से अपना कारोबार करते हैं और उन्हें ये स्थान पूर्व परिषद के समय आवंटित किया गया है।लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अचानक से अनिल शर्मा की दखलंदाजी नगर निगम में बढ़ गई है और कमिशन्नर उनकी सलाह के आधार पर ये सब कुछ कर रहे हैं जबकि प्रेदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और निगम के अधिकारी अभी भी भाजपा के विधायक के इशारों पर काम कर रहे हैं। इस बारे कांग्रेस पार्टी की सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए और इस मजदूर विरोधी अफसर के विरुद्ध एक्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने इसके बाद भी रेहड़ी वालों को परेशान किया तो उन्हें भी कोर्ट का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने बताया कि दिसंबर 2022 में हुई बैठक के फैसलों को जल्दी लागू नहीं किया गया तो यूनियन निगम के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी।

# दिलदार अली बट्ट ने दी प्रदेशवासियों को ईद उल फितर की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राज्य कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राज्य हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिलदार अली बट्ट ने हिमाचल वासियों को ईद उल फितर की बधाई दी है। बट्ट ने कहा कि रमजान उल मुबारक के एक माह के बाद ईद उल फितर का त्यौहार सभी के लिए खुशियाँ लेकर आता है। उन्होंने कहा की यह त्यौहार आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। जबकि यह त्यौहार हमें दूसरों की मदद करन भी सिखाता है। ताकि अन्य लोग भी हंसी खुशी



से त्यौहार मना सकें। बट्ट ने कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार हमें एक माह तक रोजा रखने की हिम्मत भी देता है। बट्ट ने ईद पर एक दूसरे के साथ गले मिलकर ईद की खुशियां सांझा करने व यथा शक्ति जरूरतमंदों की मदद करने का भी आह्वान किया। उधर बट्ट आईटीआई के प्राचार्य परवेज अली बट्ट ने भी लोगों को ईद उल फितर की बधाई देते हुए प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ-साथ में गरीबों वह जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को इस शुभ अवसर पर मुबारकबाद दी।

# रामपुर एचपीएसए बायल में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**
रामपुर एचपीएस (412 मेगावाट), बायल के मुख्य कार्यालय परिसर के सभागार में गत दिवस को राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के समापन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम चरण में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य आयोजित की गई विभिन्न अग्नि सुरक्षा गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और द्वितीय चरण में एसजेवीएन डीएवी स्कूल में 18 अप्रैल, 2023 को आयोजित की गई चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर परियोजना के बायल स्थित कार्यालय परिसर में विभिन्न अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन



बचाव उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक आरसी नेगी ने अपने सन्देश में कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति परियोजना का नेतृत्व सजग और प्रतिबद्ध है और अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. विवेक आनंद सुरीन ने अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन बचाव उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अग्नि सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की सराहना की।

विभागाध्यक्ष (पीएसआईटीसी एवं सुरक्षा) रौशन कुमार ने जानकारी दी कि 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई पोर्ट के विक्टोरिया डॉक में बड़े पैमाने पर बम विस्फोट के दौरान शहीद होने वाले अग्नि शमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन से अग्नि सेवा सप्ताह की शुरूआत भी हो जाती है, जिसका मकसद अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी को जागरूक करना है।
इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रकाश चंद, उप महाप्रबंधक कुलदीप राज, उप महाप्रबंधक जितेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक विकास मेहता, वरिष्ठ प्रबन्धक सौरभ पुरी, वरिष्ठ प्रबन्धक बलदेव दास आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय हमीरपुर ने मनाया पृथ्वी दिवस

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर के छात्रों ने हमारी परोपकारी धरती माता को मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस कार्यक्रम का सञ्चालन रोमा टेगता, इको क्लब प्रभारी ने किया।
पृथ्वी दिवस के अवसर पर विषय-हमारे ग्रह में निवेश करें। पर बच्चों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूक करने और उन्हें अपने ग्रह को और भी सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए रचनात्मक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। रोमा टेगटा, इको क्लब प्रभारी ने पृथ्वी दिवस मनाने के निम्न उद्देश्यों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा।

# राष्ट्रपति को दी गई गरिमापूर्ण विदाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश के चार दिवसीय प्रवास के उपरांत गत दिवस को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मशोबरा स्थित कल्याणी हेलीपैड में गरिमापूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू भी उपस्थित थे।
हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू और प्रशासनिक, पुलिस व सेना के वरिष्ठ



अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# 13 मई को लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला एवं सत्र न्यायलय मंडी परिसर तथा करसोग, थुनाग, गोहर, जोगिन्द्रनगर, सुन्दरनगर एवं सरकाघाट कोर्ट परिसर में 13 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी की सचिव अंशु चैधरी ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जायेगा । इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट और धन वसूली के मामले आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सडक दुर्घटना में क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, वेतन भत्तों और सेवानिवृति से संबंधित मामलों का निपटारा किया जायेगा।

# स्कूल के विकास में सभी सदस्य करें अपना संपूर्ण सहयोग: राजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुराग में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी की आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 88 अभिभावकों ने भाग लिया। जिनमें महिला अभिभावकों की संख्या 40 और पुरुषों की संख्या 48 रही।प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें कमलेश कुमार को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया।



जबकि 14 अन्य अभिभावकों को एसएमसी का सदस्य चुना गया। उन्होंने बताया कि एसएमसी की नई कार्यकारणी में 50 प्रतिशत महिला सदस्य चुनी गई है। प्रधानाचार्य ने एसएमसी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से स्कूल के विकास में अपना संपूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया ताकि शिक्षा के इस मंदिर को नई उंचाई प्रदान की जा सके। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रभारी राकेश कुमार प्रवक्ता कॉमर्स, इको क्लब प्रभारी श्रद्धानंद प्रवक्ता जीव विज्ञान, एनएसएस प्रभारी ठाकुर दास प्रवक्ता गणित, शकुंतला सैनी प्रवक्ता अर्थशास्त्र और स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### अकृपाल परमार ने सुरेश कश्यप व जयराम ठाकुर आढ़े हाथो लिया

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फ तेहपुर से वागी होकर चुनाव लड़ने वाले कृपाल परमार का अपने फेसबुक एंकॉऊट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप व पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर राजनीति हमला करते हुए इन्हे आढ़े हाथो लिया है। अपने एफ भी एकोऊंट पर परमार ने नसीहत देते हुए लिखा है की सुरेश कश्यप का इस्तीफा यह तो उपचुनाव के 4-0 के परिणाम के बाद ही देना चाहिए था उपचुनाव के परिणाम के बाद कश्यप और जयराम ठाकुर को अभय दान किसने दिया।

### राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री शेफाली शाह पीएण्डजी शिक्षा पहल से जुड़ी

**बद्दी:** पीएण्डजी इंडिया के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम पीएण्डजी शिक्षा ने एक चर्चा में विचार विमर्श के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में छिपे हुए मुद्दे जिसे इनविजिबल गैप कहा जाता है पर रोशनी डालने के लिए अपनी तरह की अनूठी पहल की शुरूआत की। इस दिशा में किये गये अध्यनों से यह संकेत मिलता है कि स्कूल में बहुत से छात्र क्लास में पढ़ाए




जाने वाले पाठ को समझने में बाकी छात्रों से अक्सर पीछे रह जाते हैं। एक कॉन्सेप्ट,एक विषय,एक कक्षा का मुद्दा गंभीर समस्या को जन्म दे सकता है। जब बच्चा पढ़ाई में कमजोर होता है और पारिभाषित सिलेबस के अनुसार उसका सीखने.समझने का स्तर उस लेवल तक नहीं होता जिस स्तर की उससे उम्मीद की जाती है तो शिक्षा के क्षेत्र में नजर ना आने वाली कमियां जन्म लेती हैं।यह विचार विमर्श शिक्षा के क्षेत्र में अदृश्य कमियों को दूर करने की थीम पर आधारित था। पैनल में हुई इस चर्चा का संचालन लेखक और पूर्व पत्रकार प्रियंका खन्ना ने किया। इस पैनल में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री शेफाली शाह,पीएण्डजी इंडिया में ब्रैंड ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट गिरीश कल्याणरामन,एजुकेशनल इनिशिएटिव्स के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट रितेश अग्रवाल और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में बना की सेर के गवर्नमेंट हाई स्कूल में गणित के टीचर सागर सिंह शामिल है।पीएण्डजी इंडिया में मार्केटिंग ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट गिरीश कल्याणरामन ने कहा एण्डजी शिक्षा 18 साल पहले अपनी शुरूआत से लेकर अब तक लाखों वंचित बच्चों की शिक्षा तक पहुंच उपलब्ध हासिल करने का निरंतर अथक प्रयास कर रही है।

# पांच दिवसीय सुगंधित पौधों पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का समापन

**8 प्रशिक्षण शिविर में अम्ब खण्ड, ऊना के 17 किसानों ने भाग लिया। महिलाओं के साथ साथ पुरुषों ने भी हिस्सा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
कृषि विज्ञान केंद्र चंबा में आयोजित सुगंधित पौधों पर आधारितए महक परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अम्ब खण्ड, ऊना के 17 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं के साथ साथ पुरुषों ने भी हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में




बीडीसी चेयरपर्सन अम्ब, सुनीता कुमारी ने भी हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण शिविर 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चला। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर महक परियोजना के अंतर्गत उपनिदेशक उद्यान विभाग ऊना द्वारा संचालित महक परियोजना के अंतर्गत, कृषि विज्ञान केंद्र चंबा में आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. राजीव राणा, वैज्ञानिक डॉ सुशील धीमान, डॉ नेहा धीमान और डॉक्टर जया चौधरी ने स्त्रोत वक्ता के रूप में किसानों को अपने अपने विषय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण शिविर में निचले क्षेत्रों में उगाए जाने वाले सुगंधित पौधों, मुख्यतः जंगली गेंदा, नींबू घास, तुलसी, एलोवेरा, स्टीविया, मेंट और गिलोय इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानों को निकरा गांव लग्गा और साहू क्षेत्र का दौरा करवाया गया तथा वहां पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा निकरा परियोजना के अंतर्गत चलाएंगे विभिन्न कार्यों की जानकारी किसानों को दी गई। प्रशिक्षण शिविर के समापन पर किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर केहर सिंह ठाकुर ने उपनिदेशक उद्यान विभाग ऊना और उद्यान विकास अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार का विषेश रूप से आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल ने बलजीत कौर का कुशलक्षेम जाना

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारत की प्रसिद्ध पर्वतारोही बलजीत कौर से दूरभाष पर बात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने बलजीत कौर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बलजीत कौर हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला की निवासी है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल के लोगों को उन पर गर्व है और उनका साहस दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की दुआएं उनके साथ सदैव रहेंगी। नेपाल में अन्नपूर्णा चोटी पर चढ़ाई के दौरान बलजीत कौर के लापता होने की सूचना मिली थी।

# बंजार नगर में पैबर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करे विभाग: शौरी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
औट-लूहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंजार नगर होकर यातायात पिछले एक सप्ताह से बंद है। जिससे स्थानीय मार्गों पर यातायात आवाजाही में जानता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंजार नगर के मध्य से गुजरने वाले पूरे सडक मार्ग पर पैबर बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिस कारण यातायात को वाया लटीपरी मार्ग पर परिवर्तित किया गया है। 38 लाख की लागत से जारी यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। पैबर



बिछाने में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने व कार्य में गुणवत्ता पर कोई ध्यान न दिये जाने की स्थानीय जानता द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने आज बंजार नगर में पैबर कार्य का नगर पंचायत पार्षदों के साथ निरीक्षण किया। विधायक शौरी ने कहा कि पैबर कार्य में विभाग व ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कार्य पूरा होने से पहले ही कई जगह पर पैबर उखड़ गए हैं। विभागीय अधिकारियों को मौके. पर आकर निर्माण कार्य में गुणवता सुनिश्चित करने के व कार्य में तेजी लाने के निर्देश किये गए हैं। पूर्व सरकार में बंजार नगर में पैबर कार्य के लिए 45 लाख रू. स्वीकृत किए गए थे। जिसमें से शेगुली बाजार में गत बर्ष ही पैबर बिछा दिए गए थे।

# शिमला ग्रामीण विधानसभा में विकास की गति को देंगे नई दिशा: विक्रमादित्य सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
लोक निर्माण, युवा सेवा एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा में विकास की गति को नई दिशा प्रदान करने के लिए क्षेत्र में संपर्क मार्गों को मजबूत किया जाएगा।विक्रमादित्य सिंह आज बसंतपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नीन के बडमैण में 65 लाख रुपये से निर्मित लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय भवन को लोकार्पित करने के बाद जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संपर्क मार्गो को सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि स्वरोजगार से जुड़े लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके कारण युवाओं को भी स्वरोजगार से जुड? का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि बड़मैण-बसंतपुर सडक के लिए नाबार्ड द्वारा 7 करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है और इसका कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा। उन्होंने नीन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के लिए अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने का आश्वासन दिया ताकि छात्राओं को घर द्वार पर ही शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सके और दूर न जाना पड़े।
उन्होंने इस अवसर पर जन समस्याएं भी सुनी और उनका त्वरित निवारण भी किया। इस दौरान पंचायत समिति पूर्व अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हिमाचल प्रदेश ने राहुल गांधी के समर्थन में भेजी चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन हिमाचल प्रदेश के संयोजक दीपक राठौर गत दिवस को किन्नौर जिला के मुख्यालय रिकांग पिओ पहुँचे है। इस दौरान उनके साथ राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता राम सिंह नेगी जिनके अध्यक्षता मे यह कार्यक्रम हो रहा था वह भी मौजूद रहे व उक्त पदाधिकारियों का किन्नौर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों समेत कांग्रेस समर्थित पंचायत के पूर्व प्रधान, उपप्रधान व जिला परिषद सदस्य व वर्तमान कांग्रेस समर्थित जिला परिषद के सदस्यों ने किन्नौरी टोपी व माला पहनाकर भव्य स्वागत भी किया है। दीपक राठौर का किन्नौर जिला का दौरा मुख्य रूप से हालही मे राहुल गाँधी की लोकसभा की सदस्यता को रद्द करने के विषय को लेकर



है। दीपक राठौर ने रिकांग पिओ पोस्ट ऑफि स कार्यालय के समीप मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि देश के अंदर भाजपा की केंद्रीय सरकार के द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और सभी संवेधानिक संस्थाओ पर केंद्र सरकार द्वारा नियमो व कानून तोडकर उन्हें चलाया जा रहा है और कोई कानून व्यवस्था देश के अंदर ठीक चली है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोकप्रिय नेता व सांसद राहुल गाँधी ने सदन हो या फि र धरना प्रदर्शन हर जगह केंद्र सरकार के गलत नीतियों व योजनाओं को जनता के समक्ष रखा है जिसके चलते केंद्र सरकार अपनी कमजोरियों को सहन नहीं कर पाई और राहुल गाँधी पर दबाव बनाने की कोशिश मे लगी रही उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी को सूरत के न्यायालय ने दो साल की सजा दी है न कि लोकसभा के सदस्यता रद्द की है परन्तु केंद्र की सरकार ने कानून का उलंघन कर राहुल गाँधी की सदस्यता को रद्द कर लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की सदस्यता नियमो के तहत नहीं हुई है बल्कि केंद्र सरकार द्वारा राहुल गाँधी की लोकप्रियता व भाजपा सरकार की कमजोरियों को जनता तक पहुंचाने से भाजपा हड़बड़ा गयी है। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर आज राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन व किन्नौर कांग्रेस के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने रिकांग पिओ मे पोस्ट बॉक्स के माध्यम से पोस्ट कार्ड देश की राष्ट्र पति को भेजा है और राहुल गाँधी की सदस्यता को बहाल करने का आग्रह किया है। इस दौरान कल्पा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम नेगी, कोठी ग्राम कांग्रेस के अध्यक्ष दयाल सिंह नेगी, पूर्व कल्पा ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्यामा नंद नेगी, इंटक के जिला अध्यक्ष मान चंद नेगी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अधिवक्ता कुलभूषण नेगी आदि मौके पर मौजूद रहे।

# सड़क हादसे कभी न भरने वाले जख्म भी देते हैं डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने की भावुक अपील

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर और पद्मश्री अजय ठाकुर का एक भावुक संदेश जनता के लिए सामने आया है। इस संदेश में डीएसपी अजय ठाकुर ने साफ तौर पर कहा कि वह सडक हादसों में अपने दो भाइयों को खो चुके हैं। सडक हादसे लोगों को कभी ना भरने वाले जख्म देकर भी जाते हैं, ऐसे में यदि यातायात नियमों का पालन करेंगे सीट बैल्ट और हेलमेट पहनेंगे तो काफी हद तक जान के नुकसान से बचा जा सकता है। डीएसपी हेडक्वार्टर



अजय ठाकुर का कहना है कि उन्होंने सडक हादसे में अपने दो भाइयों को खोया है, इसलिए वह आज भी उस दर्द को महसूस करते हैं। किसी और के साथ ऐसी अनहोनी ना हो इसके लिए जरूरी है कि सडक पर चलते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान अर्जित सेन ठाकुर के नेतृत्व में यातायात नियमों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु 10 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत अधिक से अधिक युवाओं को जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय बेल्ट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सडक पर चलते समय नियंत्रित गति सीमा में वाहन को चलाने और ट्रिपल राइडिंग को हर हाल में अवॉयड करने की अपील भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग हेलमेट पहनने या अन्य यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत देने पर बहस करते हैं लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि यातायात नियमों का उल्लंघना तो उनके लिए सुखद है और न ही किसी और के लिए। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने कहा कि 1 सप्ताह तक इस अभियान के बाद अब यह देखा जाएगा कि लोगों में कितनी जागरूकता आई है और इसके चलते वह खुद उच्च अधिकारियों के साथ सडक पर उतर कर तमाम चीजों की समीक्षा भी करेंगे।

# जेएस की काशवी का सैनिक स्कूल में चयन




**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
जेएस विस्डम स्कूल ऊना की छात्रा काशवी बीटन का सैनिक स्कूल कपूरथला के लिए चयन हुआ। पांचवी कक्षा की काशवी बीटन ने अपनी प्रतिभा के दम पर अलग पहचान बनाई, जिसके चलते स्कूल में खुशी का माहौल है। काशवी बीटन की उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन जगदीश राम, एमडी सुनील चौधरी व प्रधानाचार्य रेणुका ने बधाई दी। स्कूल के एमडी सुनील चौधरी ने बताया कि ऊना की रहने वाली काशवी बीटन ने अपनी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, इसके लिए काशवी बीटन के अध्यापकों का भी विशेष सहयोग रहा है। वहीं काशवी बीटन ने अपनी उपलब्धि के लिए स्कूल प्रशासन व अभिभावकों को भी श्रेय दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### आरबीआई ने डिप्यूटी मैनेजिंग डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी



**शिमला:** भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 अप्रैल 2023 से तीन साल की अवधि के लिए एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में कैजाद भरूचा और बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में भावेश झावेरी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उपर्युक्त नियुक्तियों को प्रभावी करने के लिए अन्य बातों के साथ.साथ बैंक के निदेशक मंडल की बैठक नियत समय पर बुलाई जाएगी। कैजाद भरूचा 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक करियर बैंकर हैं। वह 1995 से बैंक से जुड़े हुए हैं।कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति में वे कॉर्पोरेट बैंकिंग,पीएसयू, पूंजी और कमोडिटी बाजार,वित्तीय संस्थानों,हिरासत,म्युचुअल फंड,वैश्विक क्षमता केंद्र और वित्तीय के क्षेत्रों को कवर करने वाले थोक बैंकिंग,प्रायोजक कवरेज,और बैंक कवरेज के लिए जिम्मेदार हैं।भरूचा के पास रिस्क मैनेजमेंट,क्रेडिट मैनेजमेंट, बैंकिंग और बिजनेस मैनेजमेंट का समृद्ध और व्यापक अनुभव है।भरूचा पहले एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में रह चुके हैं।बैंक में शामिल होने से पहले उन्होंने ट्रेड फाइनेंस और कॉर्पोरेट बैंकिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में एसबीआई कमर्शियल और इंटरनेशनल बैंक में काम किया।उन्होंने बाहरी बैंकिंग संबंधी समितियों में भी बैंक का प्रतिनिधित्व किया है।भावेश झावेरी एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख संचालन,नकदी प्रबंधन और एटीएम उत्पाद हैं।अपनी वर्तमान भूमिका में वे देश भर में व्यापार और संचालन के लिए जिम्मेदार हैं और बैंक के विविध उत्पाद सूट में कॉरपोरेट,एमएसएमई और रिटेल वर्टिकल के लिए एसेट,देनदारियों और लेनदेन के लिए एक निर्दोष संचालन निष्पादन क्षमता बनाने और वितरित करने के लिए जिम्मेदार हैं।।

### हिंदवेयर ने नया टीवीसी कैंपेन फाइव स्टार होटल लाइक बाथरूम लॉन्च किया



**शिमला:** हिंदवेयर लिमिटेड जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है ने आज अपने नए टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च किया जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन सितारे शामिल हैं।यह कैंपेन आज के ट्रेवलर की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ठीक वैसे ही बाथरूम को एक्सपीरियंस कराता है जैसा उन्हें फाइव स्टार होटल में मिलता है।इस टीवीसी कैंपेन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के नामचीन खिलाड़ी शामिल हैं।इस कैंपेन का उद्देश्य हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के उच्च गुणवत्ता वाले बाथरूम प्रोडक्ट्स एवं सोल्यूशंस को शोकेस करना है जो कि एक शानदार होटल के समान ही एक एलिगेंट एवं आरामदायक बाथरूम एक्सपीरियंस प्रदान करता है।यह काउंटर बेसिन पर एलिमेंट प्लस वॉल माउंटेड और टैंकलेस क्लोसेट जैसे प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करता है जिसमे हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के अमेजॅन एवं फोंटे तथा ह्यूज कलेक्शंस भी मौजूद हैं।

इस कैंपेन को डिजिटल,सोशल,ओटीटी,प्रिंट,रेडियो तथा आउट ऑफ होम एक्टिवेशन सहित एक एक्सटेंसिव 360 .डिग्री के प्रमोशन आउटरीच का भी समर्थन प्राप्त होगा। हिंदवेयर लिमिटेड के बाथ बिजनेस के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर सुधांशु पोखरियाल ने कहा बाथरूम सोल्यूशंस मार्किट में एक लीडिंग प्लेयर के रूप में हम हमेशा से ही अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए नए तरीकों की तलाश में रहते हैं।हम अपने इस लेटेस्ट टीवीसी कैंपेन फाइव स्टार होटल लाइक बाथरूम्स को लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं जो कि एक शानदार बाथरूम एक्सपीरियंस को बनाने के महत्व पर प्रकाश डालता है।हमें पूर्ण विश्वास है कि यह कैंपेन उनकी जरुरत के हिसाब से पूरी तरह से मेल खायेगा।मिस चारू मल्होत्रा वीपी एंड हेड ऑफ मार्केटिंग हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा हमें अपने इस नए टीवीसी कैंपेन फाइव स्टार होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च करने को लेकर बेहद खुशी है।

# नाचन की ग्राम पंचायत लोट में आसमानी बिजली गिरने घर को नुकसान, एक बकरी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/ सुभाग सचदेवा**
नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोट के गांव रेशण में गत रात्रि 7:30 स्थानीय निवासी सुंदर सिंह के मकान पर आसानी बिजली का कहर बरपा से सुंदर सिंह ने बताया कि रात 7:30 बजे के लिए भयंकर मूसलाधार बारिश हुई थी
और बिजली कडक रही थी बिजली की एक चिंगारी उसके मकान पर आके गिरी जिससे घर को आंशिक नुकसान हुआ है और एक बकरी की मौत हो



गई जबकि कई बकरियां घायल हुई है।
वहीं बिजली की वायरिंग को भी नुकसान पहुंचा और बिजली का मीटर जल गया। खबर की सूचना ग्राम पंचायत लोट के स्थानीय वार्ड पंच नरेंद्र ठाकुर ने दी।

# चांदपुर के डॉ. बलबीर ठाकुर बने आत्मा के परियोजना निदेशक

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
जिला के चांदपुर क्षेत्र के निवासी डॉ. बलबीर ठाकुर ने हाल ही आत्मा परियोजना के तहत कुल्लू में परियोजना निदेशक पद पर कार्यभार संभाला है। डॉ बलबीर ठाकुर एक साधारण परिवार से संबंधित है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला चांदपुर से हुई। उसके बाद हायर सेकेंडरी की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर से की। तदोपरांत कृषि विश्वविद्यालय मेरठ से



बीएससी कृषि में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने वर्ष चार अप्रैल 1989 में कृषि विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की। उसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग पदों पर कार्य किया। उनका कहना है कि उन्होंने कृषि विभाग के तहत मिट्टी जांच प्रयोगशाला, भू संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी किन्नौर के पद पर कार्य किया। गौरतलब है कि डा. बलबीर ठाकुर एक गरीब व साधारण परिवार से संबंध रखते थे। उनके पिता स्व निक्कू राम पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद कार्यरत थे। उन्होंने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत की और आज पद पर पहुंचे है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, परिवार के सदस्यों एवं अपने उन शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने हमेशा उन्हें सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। डा. बलबीर ठाकुर का कहना है कि उन्होंने कुल्लू में आत्मा परियोजना में बतौर परियोजना निदेशक के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। इस पद पर रहते हुए उनका उद्देश्य है कि शून्य लागत खेती से हर किसान जुड़े और जहर मुक्त खेती से सुरक्षित रहे। तथा इसका लाभ उठाए। उधर, चांदपुर एवं आस-पास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में डा बलबीर ठाकुर के आत्मा परियोजना के तहत परियोजना निदेशक के पर हुई नियुक्ति से लोगों में खुशी का माहौल है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
श्री वीरेंद्र गौतम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल संतोषगढ में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ईको क्लब, एनएसएस व जूनियर रेड क्रॉस क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
इस दौरान बच्चों ने स्थानीय बाजार में रैली द्वारा लोगों को पृथ्वी के संरक्षण के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र राणा ने पृथ्वी संरक्षण के महत्व से बच्चों को अवगत करवाया और विद्यालय में क्विज, चित्रकला,




पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा, प्रवीन कुमार, रेड क्रॉस प्रभारी रेनू वाला, मोनिका, कला अध्यापक आरिफ मोहम्मद, वंदना सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लोहाट डोमैहर से घुमारवीं लिंक रोड एक माह तक आवाजाही के लिए रहेगा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सडक निर्माण कार्य के चलते लोहट डोमैहर से घुमारवीं लिंक रोड वाहनों की आवाजाही के लिए 20 अप्रैल 2023 से 20 मई, 2023 तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं।उन्होंने बताया कि इस दौरान स्थानीय लोग यातायात के लिए लदरौर की तरफ से भराड़ी लोहट से रोहाल खडड और दधोल की तरफ से रोहाल खडड पुल से लोहाट भराड़ी के लिए वैकल्पिक सडक का प्रयोग कर सकेगें।

# सुक्खू सरकार एक्शन मोड में, मई तक ऊहल तृतीय चरविद्युत परियोजना को अस्तित्व में लाने के आदेश जारी: चौहान

**सुक्खू जल्द करेंगे जोगिंद्रनगर का दौरा**
**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
हिमाचल प्रदेश में जब भी कांग्रेस सरकार सत्तासीन हुई है हिमाचल के उत्थान और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान कांग्रेस का रहा है। उसी दिशा में हिमाचल प्रदेश मैं सुक्खू सरकार के 100 दिन में महत्वपूर्ण निर्णय जो हिमाचल प्रदेश को आगे ले जाने और उसके उत्थान की दिशा में देख रहे हैं जो वायदे कांग्रेस पार्टी ने चुनावों के समय हर क्षेत्र की जनता से किए थे उसको पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार तक तथा मुख्यमंत्री वचनबद्ध हैं। ये बाते प्रदेष कांग्रेस सचिव राकेष चौहान ने जारी ब्यान में कही। चौहान ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व कांग्रेस सरकार पूरे एक्शन मूड में है जो भाजपा के समय कुछ एक परियोजनाएं प्रदेश में पिछले 5 वर्षों में लंबित पड़ी हैं जिसमें 5 वर्षों में काम भी नहीं हो पाया था जिसमें एक महत्वपूर्ण विद्युत परियोजना जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत ऊहल तृतीय चरण जो ठंडे बस्ते में पड़ी थी, मुख्यमंत्री ने उसको गंभीरता से लेते हुए विभागों को सख्त आदेश जारी कर दिए हैं कि मई 2024



से पहले पहले इस परियोजना को इसके असली अस्तित्व में लाना होगा। चौहान ने कहा मुख्यमंत्री सुक्खू इस परियोजना का जायजा लेने जल्द ही जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में जब इसके टेस्टिंग की जा रही थी तो पेनस्टॉक की पाइपे फ ट गई इस तरह कार्यप्रणाली पर भ्रष्टाचार के कई तरह के आरोप भी लगे हैं लेकिन पूर्व भाजपा सरकार ने उसे भी दबाने की पूरी कोशिश की है अभी मुख्यमंत्री से इसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग भी रखी गई है। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि जो परियोजना अरबों रुपए का रेवेन्यू इस प्रदेश को दे सकती थी जिसका लगभग 80 फिसदी कार्य पूरा हो चुका है उस परियोजना की सुध लेने का समय न पूर्व में रहे मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा भाजपा सरकार के ऊर्जा मंत्री को, पिछले 5 साल में एक बार नहीं मिला।

# वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत हो रहा बेहतरीन कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष/योगेश शर्मा**
वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत जिला सोलन में बेहतरीन कार्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सोलन द्वारा किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में यदि एक महीने में इस योजना के तहत साढ़े पांच हजार ट्रांजैक्शन होती है तो उसमें से 80 प्रतिशत ट्रांजैक्शन सोलन जिला में हो रही है जिससे लोगों को भी फायदा मिल रहा है।
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सोलन नरेंद्र धीमान ने बताया कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत एनएफ एसए एक्ट के



तहत जो भी लाभार्थी आते हैं उन्हें इस योजना का लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि यदि किसी भी राज्य का कोई भी लाभार्थी किसी और राज्य में रहता है तो उसे इस योजना का लाभ मिल रहा है, यदि हिमाचल में हरियाणा पंजाब के लोग रहते हैं तो उन्हें इस योजना का लाभ हिमाचल में मिलता है और यदि हिमाचल के लोग हरियाणा पंजाब में रहते हैं तो उन्हें इस योजना का लाभ उस राज्य में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला में इसको लेकर बेहतरीन कार्य किया जा रहा है और अप्रैल माह में भी इसी तरह कार्य होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन में औद्योगिक क्षेत्र होने के चलते बाहरी राज्यों के लोग बेहद अधिक संख्या में है ऐसे में उन लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आएं।
बता दें कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत अब देश का कोई भी नागरिक देश की किसी भी राज्य की फेयर प्राइस शॉप से राशन खरीद सकता है इसके लिए उन्हें उस राज्य का राशन कार्ड बनवाने की आवश्यकता नहीं है। वह एक ही राशन कार्ड से देश की किसी भी फेयर प्राइस शॉप से राशन खरीद सकते है।

# जाली वसीयत बनाकर प्रॉपर्टी हड़पने का प्रयास शिकायत के बाद महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
नगर परिषद संतोषगढ़ की रहने वाली एक महिला ने जाली वसीयत बनाकर प्रॉपर्टी हड़पने का प्रयास किया है। मामले के संबंध में पुलिस ने संतोषगढ़ के ही रहने वाले विचित्र सिंह की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विचित्र सिंह ने बताया कि उनके चाचा सोहन सिंह की मृत्यु वर्ष 1994 में हो गई थी। जबकि अब उनकी चाची चनण कौर को मिलने वाली प्रॉपर्टी को भोली देवी नाम की इस महिला ने जाली वसीयत बनाकर हड़पने का प्रयास किया है। इस संपत्ति को हड़पने के लिए भोली देवी ने अपने साथ-साथ दो नाबालिग लडकों को भी इस वसीयत में उत्तराधिकारी बताया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके चाचा की मृत्यु 30 अगस्त 1994 को हुई थी, जबकि इस वसीयत को 19 अगस्त 1994 का बताकर महिला द्वारा धोखाधड़ी की गई है। इतना ही नहीं मामला सामने आने के बाद इस वसीयत को हिमाचल प्रदेश के लेखन निरीक्षक के पास भी भेजा गया था, जिसमें उन्होंने इस वसीयत में सोहन सिंह के हस्ताक्षर को फर्जी करार दिया था। इतना ही नहीं जब महिला ने खुद को इस मामले में पूरी तरह घिरी हुई पाया तो उसने इसे प्रॉपर्टी का कुछ हिस्सा बेच भी दिया। पुलिस ने इस मामले के संबंध में आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस धोखाधड़ी के इस मामले पर कार्रवाई अमल में ला रही है।

### लालूवाल व अमराली में सट्टा लगाते दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत लालूवाल व अमराली में पुलिस ने सट्टा लगाते हुए दो व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने दोनों से 4860 रुपये की नगदी हासिल की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

HIMACHAL PRADESH
Jal Shakti Vibhag
NOTICE INVITING E-TENDER
Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer Jal Shakti Division Sunder Nagar on behalf of the Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in Two covers for the under mentioned work from the contractors/firms of an appropriate class enlisted with HP Jal Shakti Vibhag.

| Sr. No | Name of work | Estimated Cost. (Rs) | Earnest Money. | Cost of tender form. | Time. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC Circular Water Storage Tank 100000 ltr. capacity at JNGHC Sundernagar Tehsil Sundernagar Distt. Mandi (HP) Deposit Work. | Rs. 9,34,252/- | Rs. 18,700/- | 250/- | Three Months |

Schedule of tendering:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid submission start date | 19.04.2023 | 3.00 PM |
| 2 | Bid submission end date and time | 27.04.2023 | 5.00 PM |
| 4 | Opening of Cover I | 28.04.2023 | 11.30 AM |
| 5 | Opening of Financial bid | Date and place to be notified separately | |

Terms and Conditions:-
Tender documents, Terms and conditions and other instruction can be downloaded or viewed online from the portal https://hptenders.gov.in
RO No. 0247/2023-2024
Executive Engineer,
Jal Shakti Division Sunder Nagar

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन.आई.टी. संख्या | एन.आई.टी./मेड/01/एन.आर.ई./23 |
| 2 | टेंडर संख्या | 43–मेड–टेंडर–एजनी–एन.आर.ई.–2-23 |
| 3 | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे अम्बाला द्वारा सहारनपुर में स्थित केमिस्टों से, सब डिवीजनल हॉस्पिटल सहारनपुर के लिए दवाइयां एवं अन्य उपभोग्य और डिस्पोजेबल आइटम की दैनिक स्थानीय खरीद के लिए रिटेल सप्लायर्स का दो वर्ष के लिए एम्पनेलमेंट |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 14400/- राष्ट्रीयकृत/शिड्यूल्ड बैंक द्वारा जारी बैंकर चेक/डीमांड ड्राफ्ट जो वरि. मंडल वित्त प्रबंधक उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के नाम जारी हो (अनिवार्य) |
| 5 | कार्य अवधि | दो साल |
| 6 | टेंडर डालने व खोलने का अन्तिम तिथि व समय | टेंडर डालने का समय दिनांक 12.05.2023 को 15.00 बजे तक टेंडर खोलने का समय दिनांक 12.05.2023 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के कार्यालय में (यदि दिनांक 12.05.2023 को अवकाश होता है तो टेंडर अगले कार्य दिवस पर खोला जायेगा) |
| 7 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in निविदादाता दिनांक 21.04.2023 से 12.05.2023 को 10.00 बजे तक अपने रिस्क पर निविदा कागजात डाउनलोड कर सकते है। |

सं.: एन.आई.टी./मेड/01/एन.आर.ई./23 दिनांक: 19.04.2023 1193/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## न्यूज फ्लैश

### बाल विकास स्कूल में मनाया गया अर्थ - डे



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** बाल विकास स्कूल में अर्थ - डे (पृथ्वी दिवस) मनाया गया। अर्थ - डे के उपलक्ष्य पर चित्रकला व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने चित्रकला व पोस्टर बनाकर आमजन से वृक्ष नहीं काटने, ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने, जल बचाने, प्रदूषण नहीं फैलाने, बिजली बचाने का संदेश दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ सीमा छिल्लर ने विद्यार्थियों को अर्थ-डे की जानकारी देते हुए बताया कि अर्थ - डे ( पृथ्वी दिवस) एक वार्षिक आयोजन है, जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक उत्सव है जो पर्यावरण आंदोलन की उपलब्धियों का सम्मान करता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि पहला पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 को आयोजित किया गया था। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों में अवनी, साक्षी यादव,अंकुश ने अच्छी ड्राइंग बनाई। कक्षा 6 के सौरभ, खुशी, परी, कक्षा 7 विशाल यादव, शुभम, रुद्राक्ष कक्षा 8 की अंजली, लक्की,अंजली कुमारी,कक्षा 9 की कीर्ति,सान्या, अनुज,राहुल व कक्षा 10 के प्रिन्स, कोमल ने अच्छी ड्राइंग बनाई।

### मदरहुड अस्पताल भारत भर में वर्चुअल नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट नेटवर्क लॉन्च करने में प्रथम

**हिसार : भारत में महिलाओं और बच्चों के अस्पतालों का** अग्रणी नेटवर्क, मदरहुड अस्पताल, जो 10 शहरों में 21 अस्पतालों का संचालन करता है, ने नर्सिंग होम और अस्पतालों में भर्ती नवजात शिशुओं को वर्चुअल जीवन रक्षक नवजात देखभाल प्रदान करने के लिए एक अभिनव दूरस्थ रोगी निगरानी तकनीक और प्रणाली लागू की है। अर्द्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उचित नवजात गहन देखभाल इकाइयां (एनआईसीयू) नहीं हैं।नवजात देखभाल जो नवजात शिशुओं को जीवन रक्षक नैदानिक देखभाल प्रदान करती है, स्वास्थ्य देखभाल और मातृत्व अस्पतालों में सबसे अधिक मांग वाली सेवाओं में से एक मानी जाती है। और वर्चुअल नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट्स का एक नेटवर्क बनाते हुए कई स्थानों पर नर्से। अत्याधुनिक रिमोट मॉनिटरिंग तकनीक के साथ, दूरदराज के क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को चौबीसों घंटे मातृत्व की नियोनेटोलॉजी केयर टीम की विशेषज्ञता तक पहुंच प्राप्त हो सकती है। कई बर्थिंग सुविधाओं में ऑन-साइट नवजात देखभाल तक पहुंच नहीं है और एनआईसीयू लाइव समाधान समय से पहले नवजात शिशुओं या गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के लिए इस महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है।एनआईसीयू लाइव दूरस्थ एनआईसीयू में भर्ती उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं के इलाज के लिए नवीनतम रिमोट मॉनिटरिंग तकनीक और एक विशेष डिजिटल समाधान का उपयोग करता है। इस अनूठी पहल के पहले चरण में मदरहुड हॉस्पिटल्स ने एक सेंट्रल केयर सेंटर (हब) स्थापित किया है जो अनंतपुर, हिंदूपुर, मदनपल्ले, पटना और हिसार में स्थित 5 दूरस्थ एनआईसीयू से जुड़ा है। हब-एंड-स्पोक मॉडल पूर्णकालिक रोगी प्रबंधन और निरंतर चिकित्सा सहायता के आसपास केंद्रित है। सेंट्रल केयर टीम (हब) दूरस्थ एनआईसीयू (स्पोक) केंद्रों को हाई-रिजॉल्यूशन पीटीजेड कैमरों का उपयोग करके 24/7 निगरानी और उपचार सहायता प्रदान करती है जो लाइव वीडियो फीड प्रदान करती है, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जो सभी महत्वपूर्ण जानकारी को डिजिटल रूप से साझा करना सुनिश्चित करता है, और ए टीमों के बीच निरंतर संचार लिंक, जिससे इन नवजात शिशुओं के लिए चिकित्सा परिणामों में काफी सुधार हुआ है।

# 'बीजेपी सरकार ने फैला रखा है भ्रष्टाचार'

## लोगों से सुविधा शुल्क लिया जा रहा है कानून व्यवस्था पूरे प्रदेश में खराब हो चुकी है: अभय

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अभय चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की बीजेपी सरकार ने हरियाणा में इतना भ्रष्टाचार फैला रखा है। कि पूछो मत प्रॉपर्टी आईडी में हर आमजन को सरकार के अधिकारियों के द्वारा लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। लोगों से सुविधा शुल्क लिया जा रहा है कानून व्यवस्था पूरे प्रदेश में खराब हो चुकी है। हम आप लोगों के माध्यम से आमजन को भी बताना चाहते हैं कि हम लोग जो ये परिवर्तन यात्रा कर रहे हैं। उसका सिर्फ एक ही मकसद है, कि आमजन को लोगो के अधिकारों के बारे में पता चले आज प्रदेश में महंगाई इतनी बढ़ गई है की गरीब आदमी को अपना गुजारा करना बहुत



मुश्किल हो रहा है आपके एरिया की सभी सड़के रोड टूटे हुए हैं, मैं आप लोगों को बताना चाहता हूं कि कांग्रेसी और भाजपा ने हरियाणा को मिलकर लूटा है। आमजन से लाखों करोड़ों रुपए फर्जी तरीके से कमा करके अपनी जेब में डालने का काम कर रहे हैं, हाउस टैक्स की बात कर लो या अन्य कोई बात आमजन से नाजायज तरीके से पैसे वसूले जा रहे है। मनोहर लाल खट्टर को कोई काम नहीं है वह चंडीगढ़ में बैठा बैठा सिर्फ यह सोचता रहता है, कि लोगों को कौन सी आईडी बनाकर परेशान करना है। कोई ना कोई नई आईडी बनाने की तरकीब सोच कर लोगों को परेशान करने का काम हरियाणा का मुख्यमंत्री करता रहता है परिवार पहचान पत्र बात कर लो पेन्शन की बात कर लो लोगो को सुविधा देने की बजाए लोगो की

**8 आज प्रदेश में महंगाई इतनी बढ़ गई है की गरीब आदमी को अपना गुजारा करना बहुत मुश्किल हो रहा है**

पेंशन काटने का काम बीजेपी वालो ने किया है। बीपीएल कार्ड लोगो के काट दिए जिससे लोगो को कुछ सुविधा मिलती थी। वो भी लोगो की बन्द कर दी आधार कार्ड को पेन कार्ड के साथ जोड़ने के 1100 रुपए आप लोगो के लगते है कि नही लगते है।

चौटाला साहब के समय 21000 करोड़ रुपए का बजट होता था उसमें भी लोगो की जरूरतों को पूरा किया जाता था। और हैरानी की बात है कि आज 1 लाख 85000 हजार करोड़ का बजट है ओर 4 लाख करोड रुपए लोगो पर कर्ज है। मुख्यमंत्री से हमने पूछा तो की ये कर्ज किस चीज का है। तो कोई जवाब नही देता। जिसमे मुख्यमंत्री ये कह रहे है कि हमारा वित्तया मैनेजमेंट बहुत अच्छा है तो फिर हमारे लोगो पर कर्ज क्यों है, 1 लाख 85 हजार जो हमारे प्रदेश का बजट है अगर उसको पूरा खर्च कर दिया जायेगा तो फिर हमारा प्रदेश सबसे अच्छे होगा लेकिन ये लोग सिर्फ बजट को कागजो में दिखा कर आप हड़पने का काम कर रहे है। आज आप सब साथियों को मेरे साथ एक वादा करना है कि हमें हरियाणा में परिवर्तन लाना है और परिवर्तन लाने के लिए आप लोगों को इनेलो पार्टी का साथ देना होगा व इनेलो पार्टी का राज लेकर के आना होगा।

# द नैचुरल डायमंड काउंसिल ने विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्राकृतिक हीरे पर आधिकारिक संसाधन, नैचुरल डायमंड काउंसिल, ने 2023 की अपनी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी कर दी है, जिसका शीर्षक है, डायमंड फैक्ट्स : ऐड्रेसिंग मिथ्स एंड मिसकंसेप्शंस अबाउट द डायमंड इंडस्ट्री (हीरा से संबंधित तथ्य : हीरा उद्योग के बारे में मिथकों और गलतफहमियों को दूर करना। इस रिपोर्ट के जरिये, नैचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) ने प्राकृतिक हीरों और उनके लेबोरेटरी ग्रोन हीरों के बारे में गलत सूचनाओं को दूर करने की शुरूआत की है।

एनडीसी के सीईओ डेविड केली कहते हैं, "एक ऐसे युग में जब उपभोक्ता पहले से कहीं अधिक जिज्ञासु और प्रबुद्ध हैं, वे कंपनियों के मूल्यों और जिम्मेदार व्यवसाय प्रथाओं तथा वास्तव में जिस व्यापक उद्योग से खरीद रहे हैं, उसके बारे में जानना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "नैचुरल डायमंड काउंसिल में, हम पारदर्शी ढंग से सूचनाएं देकर समझदारी से निर्णय लेने में उपभोक्ताओं की सहायता करना चाहते हैं।" यह रिपोर्ट हीरा उद्योग के बारे में व्याप्त आम गलतफहमियों को दूर करती है। रिपोर्ट से तथ्यों के उदाहरणों में शामिल हैं: लेबोरेटरी ग्रोन सभी हीरे स्थायी नहीं होते हैं। लेबोरेटरी ग्रोन हीरे प्राकृतिक हीरा निर्माण प्रक्रिया को दोहराते हैं जिसके लिए बड़ी मात्रा में बिजली की आवश्यकता होती है, जो ज्यादातर राष्ट्रीय ग्रिड से मिलती है। लेबोरेटरी ग्रोन हीरों के निर्माण के लिए सूर्य की सतह के तापमान के 20% के बराबर तापमान की आवश्यकता हो सकती है। प्राकृतिक हीरे के निर्माण की प्रक्रिया का मतलब है कि वे स्वाभाविक रूप से दुर्लभ हैं। वे एक परिमित प्राकृतिक संसाधन हैं। इसका गठन या निर्माण लाखों, कभी-कभी अरबों वर्षों में होता है।

## दूरसंचार इंजीनियर की सिग्नलिंग एवं दूरसंचार के कार्यों की प्रगति हेतु समीक्षा सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ प्रयागराज**
प्रयागराज में रेल विद्युतीकरण परियोजनाओं के उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियरों का सिग्नलिंग कार्यों की प्रगति हेतु समीक्षा सम्मेलन हुआ। इसमें रेल विद्युतीकरण की सभी परियोजनाओं अम्बाला, जयपुर, बेंगलुरु, गुवाहाटी, चेन्नई, सिकंदराबाद, अहमदाबाद,



लखनऊ एवं दानापुर में सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रगति समीक्षा सम्मेलन के अंतर्गत गैर विद्युतीकृत खंडों में सिग्नल एवं दूरसंचार संशोधनों के कार्यान्वयन पर विशेष चर्चा की गयी। सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/कोर ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अधिकतम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिये सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक/कोर/प्रयागराज ने अपने सम्बोधन में रेल विद्युतीकरण के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिये समुचित मार्ग दर्शन दिया। अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, संजय कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, डी0 के0 गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार, विनय एन0 एम्बाडे, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, के0 के0 सिंह, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पी0 के0 सिंह, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, एम0 के0 श्रीवास्तव, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, जगदीश कुमार, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एवं सौरभ मिश्रा, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/कोर मुख्यालय/प्रयागराज आदि उपस्थित रहे।

## सोनी म्यूजिक ने रिलीज किया ईपी 'डिजर्व'

**नई दिल्ली।** पंजाबी पॉप और हिप हॉप के मसालेदार मिश्रण के साथ पंजाबी संगीत जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार, चंडीगढ़ के कलाकार हुसन, जक्सधा, अर्श सरपाल और स्निपर ने तीन दमदार गानों के साथ ईपी 'डिजर्व' रिलीज किया है। सोनी म्यूजिक के सहयोग से रिलीज किया गया 'डिजर्व' पंजाबी संगीत पसंद करने वाले हर व्यक्ति को जरूर सुनना चाहिए, जो अर्बन पंजाबी हिप हॉप की थिरकाने वाली आवाज का अनुभव लेना चाहता है। तीन हाई-वोल्टेज गानों "लो राइडर", "नो बेनिफिट्स", और "टॉप बॉय", हुसन और जक्सधा के दमदार वोकल्स, अर्श सरपाल के मनोरम पंजाबी गीत, और स्निपर के शक्तिशाली प्रोडक्शन, "डिजर्व" के साथ, पंजाबी संगीत के प्रेमियों को इसे सुनने के लिए आतुर करता है। हाई-एनर्जी बीट्स और आकर्षक हुक के साथ, यह ईपी किसी भी अवसर के लिए एकदम सही है।

# दिल्ली से चले फतेह मार्च का अंबाला में भी जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला में खालसा फतेह मार्च का भव्य स्वागत किया गया। दोपहर बाद यह फतेह मार्च मोहड़ा से होता हुआ। अम्बाला छावनी के काली पलटन पुल के पास पहुंचा। यहां पर एसजीपीसी सदस्य हरपाल सिंह पाली सहित भारी संख्या में सिख संगत मौजूद थी। सुंदर फूलों से सजी पालकी साहिब पहुंची तो श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर फतेह मार्च का स्वागत किया। इस दौरान सिख संगत ने वाहे वाहे गुरु, वाहे गुरु जी का खालसा वाहे गुरु जी फतेह की जयघोष से अम्बाला गूजंता रहा। सिख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह



रामगढ़िया की तीसरी जन्म शताब्दी मना रही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से शुरू किया गया है। सिख संगत ने गुरु ग्रंथ साहेब की पालकी व पंज प्यारों पर फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया। एसजीपीसी सदस्या हरपाल सिंह पाली ने बताया कि बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया 18वीं सदी के महान योद्धा हुए हैं, जिन्होंने 1783 ईसवी में बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया व बाबा बघेल सिंह के साथ मिलकर दिल्ली के लाल किले से मुगलिया सल्तनत का झंडा उखाड़ फेंका था। मुगलों के प्रभुत्व को समाप्त कर पहली बार खालसा पंथ का परचम लहराया।

# पानीपत की बलराम गौशाला में बनी पाठशाला में पढ़ाई कर रहे है मजदूरों के बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
**पानीपत में** रिफाइनरी रोड पर बलराम गौशाला बडौली में मजदूरों के बच्चों के लिये पांचवी कक्षा तक खोली गई पाठशाला इन बच्चों के लिये किसी सौगात से कम नहीं है। गौशाला प्रांगण में शुरू हुई इस पाठशाला में फिलहाल गौशाला, ईंट भट्ठों, पोल्ट्री फार्मो व कई फैक्टरियों के मजदूरों के करीब 30 बच्चे प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर रहे है। हालांकि इन बच्चों के अभिभावक मजदूरों ने पहले अपने बच्चों की पढ़ाई की तरफ ध्यान नहीं दिया। इन मजदूरों के बच्चे जब अब रोजाना सुबह स्कूल की ड्रैस पहनकर व साथ में पाठय सामग्री का बैग लेकर पढने के लिये पाठशाला में जाते है तो इन मजदूरों को भी लगने लगा है कि उनके



बच्चें भी पढाई करके आगे जरूर बढ़ेगे। यही बच्चे पहले अपने मजदूर माता-पिताओं के साथ गौशाला, भट्ठों, व पोल्ट्री फार्म पर ही घुमते रहते थे। इन बच्चों को पाठशाला में अभी एक महिला शिक्षक द्वारा हिंदी वर्णमाला के अक्षर अ से अनार, आ से आम, इ से इमली व ई से ईख और अंग्रेजी के एल्फाबेट ए से एपल, बी से बटरफ्लाई और सी से केट पढ़ाया जा रहा है। बता दे कि ओसवाल मोटर के एमडी पदम सेन गुप्ता व उनके बेटे राजीव गुप्ता ने बडौली गौशाला प्रांगण में मजदूरों के बच्चों के लिये पाठशाला खोलने में सहयोग किया है। पाठशाला के दोनो कमरें व टॉयलट आदि पदम सेन गुप्ता द्वारा बनवाये गये है। पाठशाला में बच्चों को पाठय सामग्री, ड्रेस व जूते अभी तो फ्लाईग क्लब के नितिन अरोड़ा की टीम ने दी है लेकिन आगे से सभी बच्चों को पाठय सामग्री व ड्रेस ओसवाल मोटर द्वारा ही दी जाएगी। ओसवाल मोटर्स के एमडी पदम सेन गुप्ता व उनके लडके राजीव गुप्ता शुक्रवार को सह परिवार पाठशाला में पहुंचे और उन्होंने सभी बच्चों को फल आदि वितरीत करके आशीर्वाद दिया। वहीं पदम सेन गुप्ता ने बताया कि यदि पानीपत जिला की कोई अन्य गौशाला इस तरह से शिक्षा से वंचित गरीब बच्चों के लिये पाठशाला खोलना चाहे तो वे हर संभव मदद करेंगे।

**मजदूरों को कर रहे है अपने बच्चों को पढ़ाने को लेकर प्रेरित: रविंद्र मिटान**

गौशाला के प्रधान रविंद्र मिटान ने बताया कि पाठशाला में एक अप्रैल से बच्चों को पढ़ाना शुरू किया हुआ है। पाठशाला में पढने वाले बच्चों की संख्या अभी 30 ही है लेकिन गौशाला समिति आसपास की फैक्टरियों व पोल्ट्री फार्मो के मजदूरों को अपने बच्चे को पढ़ाने को लेकर प्रेरित कर रही है। उम्मीद है कि अगले माह तक पाठशाला में बच्चों की संख्या 100 तक हो जाएगी। इन बच्चों को पढ़ाया तो यहां पर पाठशाला में जाएगा पर इनका दाखिला पास के ही गांव गांजबड़ व बडौली के सरकारी स्कूलों में करवाया जाएगा।

## कांग्रेस नेता लक्ष्मी कान्त शर्मा का मध्यप्रदेश प्रभारी, पूर्व सांसद जे. पी. अग्रवाल द्वारा सम्मान



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक) गत** दिवस कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट को दिल्ली कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय 24 अकबर रोड पर मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी, पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी जे. पी. अग्रवाल ने पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण, अथक मेहनत तथा पार्टी की मजबूती के लिए किए उनके लम्बे संघर्ष के लिए ए आई सी सी मुख्यालय में अपने कार्यालय पर शाल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके संघर्ष और समर्पण भाव की खुल कर तारीफ की तथा कहा की आज कांग्रेस को ऐसे ही समर्पित नेताओं की जरूरत है। उल्लेखनीय है की लक्ष्मी कान्त शर्मा करीब तीस वर्षो से युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, जिला कांग्रेस तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके है तथा वर्तमान में बतौर प्रवक्ता कार्य कर रहे हैं। लक्ष्मी कान्त शर्मा ने बताया की वो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी बहन कुमारी शैलजा से मुलाकात के पश्चात कांग्रेस मुख्यालय पर पहुंचे थे जहां एक लम्बे अरसे बाद उनकी मुलाकात जे. पी. अग्रवाल से हुई जो की वर्तमान में मध्यप्रदेश के प्रभारी हैं। आदरणीय अग्रवाल जी के साथ काम करने का अवसर काफी पहले मिल चुका था।आज उन्होंने पुराने संघर्ष को याद किया तथा

# नवनियुक्त बीडीपीओं पूनम चंदा का कार्यभार संभालने पर सरपंचों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। खंड** विकास एवं पंचायत अधिकारी का कार्यभार शुक्रवार को समालखा से तबादला होकर आई पूनम चंदा ने सम्भाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद ब्लाक के सरपंचों ने बीडीपीओं का बूका देकर स्वागत किया। बीडीपीओ पूनम चंदा ने कहा कि वे ब्लाक के विकास की गति को बढ़ाने के साथ सभी सरपंचों की विकास कार्य से संबधित दिक्कत का प्राथमिकता से समाधान करना है। पूनम चंदा ने कहा कि वे संबधित कामों में



सरपंचों को कोई दिक्कत नही आने देगी। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा सरपंचों के लिए निर्धारित निमयों का पालन करते हुए कार्य करे। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व बीडीपीओ का कार्यभार एचसीएच अंकिता वर्मा के पास था।

# कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने अम्बाला पहुंचे पूर्व सीएम ओपी चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व मुख्यमंत्री और इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला शुक्रवार सुबह अंबाला सिटी पहुंचे। यहां पंचायत भवन में उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं में जोश भरा। यही नहीं, मंच से चौटाला ने इनेलो की सरकार बनने पर कई अहम फैसले लेने के साथ-साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष पर निशाना साधा। चौटाला ने बिना नाम लिए भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जब पौधे पर फल लगे तो लुटेरे लूट कर ले गए। उन्होंने कहा कि इनेलो का



किसी से कोई द्वेष नहीं है। पार्टी तोड़ने पर नहीं जोड़ने पर विश्वास रखती है। जो-जो कार्यकर्ता पार्टी को छोड़कर गए हैं अब उनकी पार्टी में वापसी हो रही है। कार्यकर्ता दोबारा पार्टी में विश्वास जता रहे हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की वापसी पर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वे किसी व्यक्ति विशेष की बात नहीं कर रहे। अगर कोई पार्टी में शामिल होता है तो उनका स्वागत है। चौटाला ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हथियाने के बाद एक षड्यंत्र के तहत उनको जेल भेजा। हमारा कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने युवाओं को रोजगार दिया था। अब फिर ऐलान कर रहा हूं कि प्रदेश में इनेलो की सरकार आने के बाद लाखों युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। चौटाला ने कहा कि भाजपा ने जातिवाद को बढ़ावा देकर सत्ता हासिल की है, जबकि इनेलो 36 बिरादरी को साथ लेकर चलती है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में सारा पैसा अडानी-अंबानी के पास गया।

# आम जन पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति हों जागरूक: सुधीर जैन

## -ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों ने पोस्टर व मॉडल बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । धरती बचाओ-जीवन बचाओ के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर तथा मॉडल बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया । इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके साथ पौधरोपण भी किया ।



इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा लगाने, उसकी सुरक्षा करने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है । इस दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने का उद्देश्य है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरूक हों । उन्होंने कहा कि

**8 बच्चों को पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी और उन्हें पेड़-पौधों के महत्व से अवगत करवाया**

जलवायु में लगातार हो रहे परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण व जैवविविधता के लिए उत्पन्न हो रहे खतरों का सामना करने के लिए सभी को जागरूक रहना होगा । सीईओ संजय जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विद्यार्थियों की भूमिका भी काफी अहम है । हमें अपने बच्चों के सामने व्यर्थ में पानी बर्बाद करने से बचना होगा, तभी बच्चों को भी समझ आएगा की जल का संरक्षण करना कितना जरूरी है । उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि पृथ्वी दिवस पर अपने बच्चों को पेड़ पौधों की देखभाल करने के बारे में सिखाएं । उन्हें एक पौधा दे दीजिए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी दीजिए । नौनिहालों को बताएं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है । जब अभिभावक सब्जी खरीदने जाएं तो प्लास्टिक बैग की बजाए कागज वाले या कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें । प्राचार्या रिचा चावला ने भी बच्चों को पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी और उन्हें पेड़-पौधों के महत्व से अवगत करवाया।

# हिमाचल में सालों से अटके रोपवे प्रोजेक्टों के निर्माण की कवायद तेज हो गई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**हिमाचल में सालों से** अटके रोपवे प्रोजेक्टों के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। सरकार की मंशा रोपवे निर्माण में एल्पाइन मुल्कों आस्ट्रिया व स्विटजरलैंड की तकनीक के इस्तेमाल की है। रोपवे निर्माण में एल्पाइन मुल्कों की तकनीकी के इस्तेमाल की संभावनाओं का पता लगाने तथा आस्ट्रिया व स्विटजरलैंड की कंपनियों को यहां आमंत्रित करने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में हिमाचल का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इन्सबर्ग में है। प्रतिनिधिमंडल में सीपीएस सुंदर ठाकुर, प्रधान सचिव परिवहन आरडी



नजीम व आरटीडीसी के निदेशक अजय शर्मा शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इन्सबर्ग में आयोजित इन्ट्रा एल्पाइन ट्रेड फेयर में शिरकत की। ट्रेड फेयर में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आस्ट्रिया व स्विटजरलैंड की कई रोपवे निमार्ता कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बात की। उन्होंने रोपवे निमार्ता कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ साथ हिमखंड नियंत्रण उपकरण बनाने वाली कंपनियों के अधिकारियों से भी बात की।

## संपादकीय

# धरती की रक्षा वैश्विक दायित्व है

**आज** पर्यावरण का क्षरण और प्रदूषण तेजी से विकराल हो रहा है और विश्व के सभी देश विकट चुनौती से जूझ रहे हैं। भारत ने पर्यावरण और पर्यावरण की नैतिकता, प्रकृति के स्वरूप और महत्व को गहराई से अंगीकार किया था। यहां समस्त जगत में ईश्वर की उपस्थिति की अनुभूति की जाती रही है : ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत। फलतः प्रत्येक वस्तु पवित्र और धरती को माता कहा गया। प्रातःकाल उठ कर बिस्तर से उतार कर धरती पर पैर रखने के पहले पृथ्वी को प्रणाम करने और पैर रखने की विवशता के लिए क्षमा मांगते हुए यह कहने का विधान है ;

**समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनमंडिते ।**
**विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ।।**

**अर्थात** समुदरूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली, पर्वतरूपस्तनों से मंडित भगवान विष्णुकी पत्नी पृथ्वी देवि! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें। उपर्युक्त भावना हिन्दू , बौद्ध और जैन सभी भारतीय धर्मों में मिलती है। पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :। नदियों, वृक्षों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, वनों, लताओं सब की रक्षा को महत्व दिया गया। मनुष्य प्रकृति के बीच वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार को समझते हुए जीवन-चर्या का विधान किया गया। पश्चिम में प्रकृति जड़ है उसमें देवत्व नहीं है पर भारत में अरण्य में ज्ञान की साधना होती थी इसलिए प्रकृति की रक्षा और उसके साथ लय में रहना श्रेयस्कर माना गया। यहां के चिंतन में प्रकृति में आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। भारत एक समृद्ध जैव विविधता वाला देश है। पीपल, कदम्ब, वट, आमला, अर्जुन, बेल, नीम सबके साथ देवताओं को जोड़ कर उनको वन्दनीय बना दिया गया। विल्व पत्र, दूर्वादल और तुलसी दल धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होते हैं। आयुर्वेद में अनेक वृक्ष हैं जिनके फूल, फल, पत्तियां, छाल, जड़ें सभी औषधि गुण से युक्त हैं । वन और वृक्ष जीवन के साथ घुले मिले रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक स्मृति में और लोक जीवन में वृक्षों की अभी भी एक खास जगह बनी हुई है। बेल, सप्तपर्णी, पलाश, कचनार, सहजन, हरड़, बहेड़ा, आंवला और नीम जैसे पेड़ अपने औषधीय गुणों के कारण बड़े लोकप्रिय रहे हैं और लोग घर के पास या बाग बगीचे में इन्हें लगाते थे और जिसे जरूरत पड़ती थी वह इनका लाभ उठाता था। इसी तरह तुलसी , गिलोय, अपराजिता, विधारा, सतावर, पुनर्नवा, ब्राह्मी इत्यादि पौधों को भी घरों के आसपास लोग अपने संगी साथी के रूप में रखते थे। वृक्षायुर्वेद एक शास्त्र है. जीवन की रक्षा की दृष्टि से वन और वृक्ष की पारिस्थतिकी के संतुलन में विशेष भूमिका को अच्छी तरह समझा गया। वृक्ष की पूजा का विधान सब के लिए था। वट या न्यग्रोध वृक्ष को कल्पवृक्ष, पीपल पीपल अश्वत्थ कहा गया। काल क्रम में आधुनिकता, औद्योगिकीकरण, नगरीकरण के साथ दृष्टिकोण बदलने लगा। विज्ञान की छाया में देवत्व से मुक्त हो कर प्रकृति मनुष्य के लिए विजय के लिए लक्ष्य हो गई। पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा को भूल कर प्रकृति और उसके संसाधनों का घोर रूप से दोहन और भीषण दुरुपयोग होने लगा।

# कर्नाटक चुनाव में कौन किसका खेल बिगाड़ेगा?

अशोक भाटिया

"हालांकि उसमें सबसे बड़ी बाधा ये आ रही है कि उस विपक्षी एकता की अगुवाई कौन सी पार्टी करेगी। कायदे से पैन इंडिया जनाधार होने की वजह से ये सिर्फ.कांग्रेस ही कर सकती है, लेकिन अभी भी बहुत सारी विपक्षी पार्टियां जैसे ममता बनर्जी की टीएमसी, केसीआर की बीआरएस, नवीन पटनायक की बीजेडी, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस पर राजी नहीं दिख रही है या फिर ये लोग चुनाव पूर्व कांग्रेस को नेतृत्व देने के मुद्दे पर संशय में हैं। अगर कांग्रेस अपने दम पर कर्नाटक का चुनाव जीत जाती है, तो कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी एकता की संभावना को ज्यादा बल मिल सकता है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी के आने से कांग्रेस को उम्मीद है कि एक बार फिर लिंगायत समुदाय के लोगों का थोड़ा ही सही कांग्रेस पर भरोसा बढ़ेगा"

**एक** बात बहुत साफ है कि आप ने बहुत कम समय में बहुत कुछ हासिल कर लिया है। जहां आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार बनाकर बैठी है तो वहीं पंजाब में भी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी । आप ने पंजाब में 117 में से 92 सीटों पर जीत दर्ज की थी । अब बात करें गोवा विधानसभा चुनाव की तो यहां भी अरविंद केजरीवाल की पार्टी के नेताओं का दो सीटों पर कब्जा है। वहीं हाल ही में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की और करीब 14 फीसदी वोट हासिल किए हैं। गुजरात पीएम मोदी और अमित शाह का गढ़ है। ऐसे में आम आदमी पार्टी ने वहां पांच सीटें जीतकर अपनी मौजूदगी बड़ी मजबूती से दर्ज की है। हालांकि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी भी पहली बार राज्य की कमोबेश सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इससे पहले 2018 के चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी 28 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। हालांकि वो कुछ खास कर नहीं पाई थी। इस बार भी भले ही वो दावा कर रही है कि बेंगलुरु और उसके आस-पास की 15 सीटों पर वो बड़ा उलटफेर कर सकती है, लेकिन फिलहाल इस तरह की संभावना नहीं दिखती है। बहरहाल 20 अप्रैल को नामांकन की आखिरी तारीख थी। कौन किस सीट से लड़ रहा है, उसका भी खुलासा हर जगह से हो गया है। इसके साथ नेताओं में पाला बदलने का सिलसिला भी अब थम चुका है। कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीटों पर 10 मई को मतदान होना है। ऐसे में अब सभी पार्टियों ने प्रचार अभियान को और भी तेज कर दिया है। देखा जाय तो कर्नाटक चुनाव में मुख्य तौर से भाजपा , कांग्रेस और जेडीएस के बीच मुकाबला है। जेडीएस को ओवेसी समेत कई और पार्टिया सपोर्ट कर रही है जिनका कर्नाटक में कोई खास वजूद नहीं है । हम सबसे पहले भाजपा की बात करते हैं। कर्नाटक की सत्ता में वापसी भाजपा के लिए दो कारणों से सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। दक्षिण के 5 बड़े राज्यों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में से सिर्फ.कर्नाटक ही ऐसा सूबा है, जहां हम कह सकते हैं कि भाजपा का सही मायने में जनाधार है। बाकी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भाजपा पिछले 30-35 साल से चाहे कितने भी हाथ-पांव मारते आई हो, राज्य में सरकार बनाने के लिहाज से न तो उसकी



राजनीतिक हैसियत बन पाई है और न ही जनाधार में कोई बड़ा उछाल आया है। अगर इस बार कर्नाटक की सत्ता भाजपा के हाथों से चली जाती है, तो फिर दक्षिण भारत से उसका पूरी तरह से सफाया हो जाएगा और उसके मिशन साउथ को भी गहरा झटका लगेगा। ऐसे तो भाजपा दावा करती है कि वो कार्यकर्ताओं के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन अगर वो कर्नाटक का चुनाव हार जाती है, तो ये सोचिए कि दुनिया की उस बड़ी पार्टी का भारत के दक्षिण के बड़े राज्यों में से किसी में सत्ता ही नहीं रह जाएगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा विपक्ष को मिलेगा इस तरह के परसेप्शन बनाने में कि भाजपा को भी हराया जा सकता है। भाजपा के लिए इस बार कर्नाटक चुनाव इसलिए भी खास है कि क्योंकि अगले साल केंद्र की सत्ता के लिए लोकसभा चुनाव होना है। लोकसभा के हिसाब से कर्नाटक उन राज्यों में शामिल है, जहां 2019 में भाजपा को अपार समर्थन हासिल हुआ था। उस वक्त यहां की 28 लोकसभा सीटों में 25 पर भाजपा की जीत हुई थी। ऐसे तो लोकसभा और विधानसभा चुनावों के समीकरण, मुद्दे और वोटिंग पैटर्न अलग-अलग होते हैं, लेकिन कर्नाटक में जो भी विधानसभा के नतीजे रहेंगे, उससे अगले साल के आम चुनाव के लिए सूबे में माहौल बनाने में बहुत हद तक मदद तो मिलेगी ही। भाजपा के लिए कर्नाटक की चुनावी बिसात में जगह-जगह कई कांटे हैं। उसके दो बड़े नेता जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। इसमें से जगदीश शेट्टार जुलाई 2012 से मई 2013 तक मुख्यमंत्री भी रहे हैं। उनकी गिनती उन नेताओं में होती है, जिन्होंने बीएस येदियुरप्पा के साथ मिलकर दक्षिण भारत के किसी राज्य में पहली बार कमल को खिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हुबली-धारवाड़ सेंट्रल सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज जगदीश शेट्टार 17 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें इसी सीट से उम्मीदवार भी बना दिया है। जगदीश शेट्टार का सीधे-सीधे कहना है कि ये सब कुछ भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष के कहने पर हो रहा है। वहीं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी भी कुछ दिन पहले टिकट नहीं दिए जाने से नाराजगी के बाद भाजपा से पल्ला झाड़ते हुए कांग्रेस का हाथ थाम चुके हैं। सावदी को कांग्रेस ने बेलगावी जिले की अथानी सीट पर पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा एमएलसी लक्ष्मण सावदी अथानी से तीन बार विधायक रह चुके हैं। सावदी, येदियुरप्पा सरकार में 2019 से 2021 तक उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री रह चुके हैं। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी दोनों ही लिंगायत समुदाय से आते हैं। लिंगायत समुदाय को पिछले तीन दशक से भाजपा का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। हालांकि 2021 में बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाकर बसवराज बोम्मई को सीएम बनाने के बाद से ही कहा जा रहा है कि लिंगायत समुदाय के लोग भाजपा से नाराज चल रहे हैं। आरक्षण का भी एक मुद्दा है जिसको लेकर लिंगायत समुदाय के लोग भाजपा से नाराज माने जा रहे हैं। हालांकि चुनाव ऐलान से चंद दिन पहले मुस्लिम कोटे के 4 फीसदी आरक्षण को खत्म कर उसके जरिए वोक्कालिगा और लिंगायतों के समूह में दो-दो फीसदी आरक्षण बढ़ाने का दांव बसवराज बोम्मई सरकार ने चली है, लेकिन ये मुद्दा भी अभी कोर्ट में पहुंच गया है, जिसके बाद से इसके अमल पर रोक लगी हुई है। लिंगायत यहां के काफी प्रभावशाली समुदाय हैं। इनकी आबादी करीब 17 से 18 फीसदी के बीच मानी जाती है और अगर इनकी नाराजगी मतदान में दिख गई तो फिर भाजपा के लिए कर्नाटक की सत्ता में वापसी बेहद कठिन हो जाएगी। अब बात करते हैं कांग्रेस की। कर्नाटक के नतीजे अगर पक्ष में हुए तो कांग्रेस के लिए संजीवनी होगी। पिछले दस साल चुनावी राजनीति के लिहाज से कांग्रेस के लिए बहुत ही बुरा रहा है। इक्के-दुक्के राज्यों को छोड़ दें तो दो लोकसभा चुनाव के साथ ही कई राज्यों में कांग्रेस को बहुत ही बुरी हार का सामना करना पड़ा है। एक तरह से अस्तित्व के संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए कर्नाटक उम्मीद की किरण बन सकती है। ऐसे भी अभी जहां कुल 200 से ज्यादा विधानसभा सीटें हो, उन राज्यों में कहीं भी कांग्रेस की सरकार अपने दम पर नहीं है। कर्नाटक में जीत हासल करने पर कम से कम एक ऐसा राज्य कांग्रेस के पास हो जाएगा। दूसरा फायदा कांग्रेस को 2024 के आम चुनाव के लिए रणनीति बनाने के लिहाज से भी होगा। ये हम सब जानते हैं कि केंद्रीय राजनीति के हिसाब से भाजपा अभी जितनी मजबूत है, बिखरा विपक्ष 2024 में उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। भाजपा के खिलाफ 'एक के मुकाबले एक' फामूर्ले की रणनीति को लेकर विपक्षी एकता बनाने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि उसमें सबसे बड़ी बाधा ये आ रही है कि उस विपक्षी एकता की अगुवाई कौन सी पार्टी करेगी। कायदे से पैन इंडिया जनाधार होने की वजह से ये सिर्फ.कांग्रेस ही कर सकती है, लेकिन अभी भी बहुत सारी विपक्षी पार्टियां जैसे ममता बनर्जी की टीएमसी, केसीआर की बीआरएस, नवीन पटनायक की बीजेडी, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस पर राजी नहीं दिख रही है या फिर ये लोग चुनाव पूर्व कांग्रेस को नेतृत्व देने के मुद्दे पर संशय में हैं। अगर कांग्रेस अपने दम पर कर्नाटक का चुनाव जीत जाती है, तो कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी एकता की संभावना को ज्यादा बल मिल सकता है।

## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना
तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव ठाकुर

## इंसान मेरी पीड़ा कब समझेगा ?

**डा मनमोहन प्रकाश**

**मैं** पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह हूँ जहाँ न सिर्फ जीवन विद्यमान है अपितु वह फल- फूल भी रहा है। मेरा महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि मानव अपने अथक प्रयासों तथा बेतहाशा धन खर्च करने के बावजूद भी अन्य ग्रहों में आज तक जीवन की खोज करने और वहाँ मानव बस्ती बसाने जैसे सपनों को साकार करने में असफल रहा है। मैंने अपनी प्रकृति को मानव की खुशहाली के लिए विभिन्न जड़ एवं चेतन घटकों से सजाया है, उसे आकर्षक सुंदरता देने के लिए मैंने जन्म दिया है विभिन्न प्रकार के पेड़- पौधे एवं जीव जंतुओं को, पहाड़- घाटी तथा मैदानों को, समुद्र- नदी- झील- तालाब-झरने जैसे जल स्त्रोतों , मन को आनंद देने वाले खूबसूरत रंग बिखेरते वन- उद्यान- खेत खलियान आदि को। मैं सुखी थी जब मेरी संतान (मानव) प्रकृति प्रेमी थी, प्रकृति को समृद्ध करने वाले यज्ञ हवन जैसे कर्म किया करती थी, विश्व बंधुत्व और प्रकृति सह अस्तित्व जीवन के विचार से समृद्ध थी। किंतु आज हर तरफ(देश-विदेश में) छोटी छोटी बातों के लिए, मानव में बढ़ती हताशा- निराशा, वैमनस्य, लड़ाई-झगड़े, मार-पीट आदि को देख रही हूँ।

सही में मेरा मन बहुत दुखी है। यह बात भी सत्य है कि मनुष्य ने कभी मुझे जानकर कष्ट में डाला है, तो कभी अनजाने में। मैंने उसकी अनगिनत गलतियों को माफ किया है, यह सोचकर कि वह गलतियों से सीख लेते हुए सुधर जायेगा। वर्षों से पीड़ा अपमान सहते हुए भी मैंने मानव अस्तित्व को जैसे- तैसे संभाल के रखा है,बचा कर रखा है। उसकी समस्त आवश्यकता की पूर्ति की है। किंतु अब मैं आने वाले वर्षों में उसे संभाल के रख सकूँगी, उसकी मुझे स्वयं आशंका होने लगी है? आज मेरी सर्वश्रेष्ठ कृति मानव का आचार-व्यवहार बदल गया है, उसका जीवन प्रकृति सम्मत नहीं रहा है। वह स्वार्थी,घमंडी, अभिमानी और लालची हो गया है। वह अपनी विवेक बुद्धि का उपयोग करना भूलता जा रहा है। उसे अपनी वैज्ञानिक शक्ति पर इतना गुमान होता जा रहा है कि वह ना तो पूर्व में घटी घटनाओं से कुछ सीखना चाहता है ना ही भविष्य के लिए चिंता करना चाहता है। उसे अब तो आने वाली स्वयं की पीढ़ी की चिंता भी नहीं सताती। वह तो केवल वर्तमान में ऐश और आराम से जीने को ही अपना लक्ष्य समझता है। अप्राकृतिक जीवन शैली, अनैतिक, अविवेकपूर्ण व्यवहार तथा संसाधनों का बिना सोचे समझे दोहन एवं उपयोग को ही विकास समझता है। विज्ञान सम्मत वैदिक सनातन संस्कृति को भी भूलता जा रहा है। प्रकृति का विकास और विश्व शांति के प्रयास आज उसके शब्दकोश में नहीं रहे।शायद इसी सोच का परिणाम है कि विश्व के शक्तिशाली देशों में आपसी टकराव बढ़ता जा रहा है। छोटे, कम शक्तिशाली देशों का अस्तित्व खतरे में है।

## विचार

# चिरंजीवी परशुराम-भगवान विष्णु के छठे अवतार!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**भगवान** परशुराम को विष्णु का छठा ' अवतार' माना जाता है जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है।

साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे श्रीराम के समय भी और श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें जीवित ही माना जाता है। परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले नाराज हुए और फिर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया और भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है।

कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया । वही शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है।समय के साथ भगवान परशुराम के अनेक मंदिर बन चुके है और उनके विषयक अनेक पुस्तकें भी प्रकाशित हुई है।यूँ तो भगवान परशुराम सर्व समाज के लिए पूजनीय है लेकिन विशेष रूप में ब्राह्मण समाज उनपर गौरव करता है।उनकी विद्वता, पराक्रम व शिव भक्ति हमेशा से प्रेरक रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इस ग्रह की देखभाल करें और आध्यात्मिक रूप से विकसित हों

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**पृथ्वी** दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है क्योंकि यह हमें जीवन जीने के लिए कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को उपलब्ध करती है। यह सभी संसाधन न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मूल्यवान है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि इन सभी संसाधनों का प्रयोग हम बहुत ही सावधानी से करें। इन संसाधनों का सदुपयोग करने और पृथ्वी का सम्मान करने के लिए हमें अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा, जिसमें कि हम इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं। इसमें इंसानों से लेकर जानवरों और पौधों तक सभी शामिल हैं। सिर्फ यह सोचकर ही हमें खुशी मिलती है कि इस विषाल अंतरीक्ष में यह ग्रह पिता-परमेष्वर का बनाया एक खूबसूरत रत्न है, जिसमें हम सब इस परिवार के एक सदस्य हैं। इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहियें जिसमें कि हम एक-दूसरे की मदद करते हुए प्रेम और शांतिपूर्वक जी सकें।

इस ग्रह पर रहते हुए हम स्वस्थ तरीके से अपना जीवन यापन करें, ताकि हमारे परिवार और पूरे विष्व के लिए वर्तमान में और आने वाले समय में भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

इसके लिए हमें चाहिये कि हम इस ग्रह की देखभाल करते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तौर पर विकसित हों। जिसके लिए हमें एक शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना होगा और साथ ही साथ अपनी आत्मिक तरक्की के लिए अपने जीवन में हमें सद्गुणों को भी धारण करना होगा। जिसमें कि हम दूसरों की सेवा करते हुए ध्यान-अभ्यास के जरिये अपने अंतर में प्रभु-सत्ता से जुड़कर आध्यात्मिक रूप से विकसित हो सकते हैं।

दूसरों की सेवा करना और मिल-जुलकर रहना आध्यात्मिकता का ही एक हिस्सा है। दूसरों के साथ मिलकर रहना और इस पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विद्यमान हैं।

आईये, आध्यात्मिक रूप से बढ़ते हुए हम इस ग्रह, पेड़-पौधों, जानवरों और इंसानों की देखभाल करते हुए हम पृथ्वी दिवस मनायें और पृथ्वी द्वारा दिये गए बहुमूल्य उपहारों का सर्वोत्तम उपयोग करें।

## झारखण्ड के टांगीनाथ धाम में है परशुराम का फरसा

**अशोक प्रवृद्ध**

**अष्टचिरंजीवियों** में शामिल भगवान विष्णु के आवेशावतार परशुराम कृतयुग अर्थात सतयुग, त्रेतायुग और फिर द्वापर में भी जीवित थे, अर्थात उपस्थित थे।और ऐसी मान्यता है कि इस कलयुग में भी परशुराम जीवित हैं।परशुराम अमर हैं,और वर्तमान समय में भी कहीं तपस्या में लीन हैं।रामायण, महाभारत और पौराणिक ग्रन्थों के अध्ययन से ऐसा आभाष होता है कि परशुराम कई युगों तक विभिन्न युग परिवर्तनकारी घटनाओं के साक्षी व स्वयं कारण अथवा कारक बने।परशुराम का नाम दो शब्दों के योग से बना है- परशु और राम। परशु का अर्थ है झकुल्हाड़ी। इस प्रकार उनके नाम का अर्थ है- कुल्हाड़ी के साथ राम।ऋषिपुत्र होने के साथ वे एक कुशल योद्धा थे।उनका प्रमुख शस्त्र कुल्हाड़ी था, जिसे फरसाया परशुभी कहा जाता है। भगवान शिव से उन्हें देवताओं के सभी शत्रुओं, दैत्यों, राक्षसों और दानवों के संहार करने में सक्षमता का वरदान प्राप्त हुआ था।विष्णु के दशावतारों में षष्ठम अवतार भगवान परशुराम का फरसा आकार-प्रकार और देखने में अतिभयानक था। ऐसा कि देखने वाले की आत्मा तक थर्रा उठे, अर्थात रूह तक कांप जाये। आज भी भगवान परशुराम का वह फरसा पृथ्वी लोक में मौजूद है। कहा जाता है कि उनका फरसा झारखण्ड प्रान्त के गुमला जिले के टांगीनाथ धाममें गड़ा हुआ है।कथा के अनुसार त्रेतायुग में रामावतार के समयपरशुराम नेभगवान श्रीराम के द्वारा जनकपुर में आयोजित सीता माता के स्वयंवर में शिव के पिनाक धनुष के भंग होने पर आकाशमार्ग द्वारा मिथिलापुरी पहुँच कर प्रथम तो स्वयं को विश्व-विदित क्षत्रिय कुल द्रोही बताते हुए बहुत भाँति आँख दिखाये और क्रोधित हो कहा- सुनो राम ! जिसने शिव धनुष को तोड़ा, वह सहसबाहु के समान मेरा शत्रु है।अत्यंत क्रोधित परशुराम की लक्ष्मण से लंबी बहस हुई।बहस के बीच में ही जब परशुराम को पता चला कि भगवान श्रीराम स्वयं नारायण ही हैं, तो उन्हें बड़ी आत्मग्लानि हुई। अपनी शक्ति का संशय मिटते ही उन्होंने वैष्णव धनुष श्रीराम को सौंप दिया और क्षमा याचना करते हुए अज्ञानता में बहुत अनुचित बात कहने के लिए दोनों भाइयों से क्षमा मांगकर पश्चाताप करने के लिए तपस्या करने की इच्छा व्यक्त करने लगे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 22 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा

**1550 किमी के सफर का 85% रास्ता हो चुका सुगम, अब 6 दिनों में भी पूरी यात्रा संभव**

### कपाट खुलेंगे...

**22 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 25 को केदारनाथ और 27 को बद्री विशाल के दर्शन शुरू होंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चारधाम** यात्रा शनिवार से शुरू होगी। 22 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 25 को केदारनाथ और 27 को बद्री विशाल के दर्शन शुरू होंगे। चारों धामों के बीच 1,550 किमी से ज्यादा दूरी तय कर तैयारियों का जायजा लिया। पहले जहां ऋषिकेश से सड़क मार्ग से चारधाम यात्रा पूरी करने में कम से कम 7 दिन (रोज 7-8 घंटे का सफर) लगते थे, इस बार 6 दिन (रोज 7 घंटे यात्रा) में यात्रा पूरी हो सकती है, क्योंकि 85% रास्ता सुगम हो चुका है। हालांकि, रुकते-रुकाते यात्रा का इरादा है तो 9 से 10 दिन लगेंगे। ज्यादातर श्रद्धालु ऋषिकेश के भद्रकाली तिराहे से चारधाम यात्रा शुरू करते हैं। यहां चेकपोस्ट पर रजिस्ट्रेशन आईडी और गाड़ी का ग्रीन कार्ड आदि चेक कराना होगा। दूसरा चेकपोस्ट ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर ब्रह्मपुरी में है। प्रशासन की हरी झंडी के बाद सफर शुरू कर सकते हैं। भद्रकाली तिराहे से गंगोत्री की 264 किमी लंबी यात्रा शुरू करते हैं। 2 बजे चंबा में एक छोटी सी टनल हिमालय रेंज से मुलाकात कराती है। तलहटी में टिहरी झील मनमोहक है। साइड में रुककर नजारा देख सकते हैं। उत्तरकाशी तक ऑल वेदर रोड की डबल लेन है। गंगोत्री की 100 किमी की दूरी साढ़े तीन से चार घंटे में कर सकते हैं। गंगोत्री से 25 किमी पहले गांव हर्षिल में रुक सकते हैं। गंगोत्री से यमुनोत्री के लिए 150 किमी दूर उत्तरकाशी के धरासूबैंड आना होगा। यहां से 102 किमी लंबे जानकीचट्टी मार्ग को पकड़ना होगा। जानकीचट्टी से यमुनोत्री के लिए 6 किमी का जोखिम भरा ट्रैक है। कई जगह खड़ी चढ़ाई है। खच्चर और पालकी की सुविधा है। यमुनोत्री से बद्रीनाथ के लिए वापस धरासूबैंड आएंगे। 150 किमी दूर रुद्रप्रयाग जाएंगे। फिर जोशीमठ और वहां से बद्रीनाथ जाएंगे। असली परीक्षा जोशीमठ से 20 किमी दूर पांडुकेश्वर के बाद होगी। यहां पुल का काम बाकी है। जगह-जगह चौड़ीकरण जारी है। कई जगह रास्ता संकरा है। जाम लग सकते हैं। पांडुकेश्वर या बद्रीनाथ परिसर के अंदर रुक सकते हैं। बद्रीनाथ में 25 हजार लोग रुक सकते हैं। एक दिन में 15 हजार लोग ही दर्शन के लिए आ सकेंगे। गाड़ियां नहीं आएंगी।

### हेलीकॉप्टर से आसान होगी यात्रा

**चारधाम** यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बढ़ रही है। 5-6 कंपनियां 18-20 हेलीकॉप्टर चला रही हैं। हरिद्वार से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ होते हुए बद्रीनाथ की यात्रा 4 दिन और 5 रातों में पूरी होती है। एक हेलीकॉप्टर में 6 लोग जाते हैं। आपका वजन 75 किलो से ज्यादा है तो प्रति किलो 1000 रु. अतिरिक्त लगेंगे। दो साल से छोटे बच्चों का कोई चार्ज नहीं। कंपनी देहरादून स्टेशन या एयरपोर्ट से पिक करेगी।

बद्रीनाथ से रुद्रप्रयाग आएं। यहां से केदारनाथ 90 किमी है। कई जगह चौड़ीकरण जारी है। गुप्तकाशी से पहले 10 किमी लंबा कच्चा मार्ग है। 40% से अधिक हिस्सा सिंगल लेन है। कुछ पुराना है। कई जगह पत्थर गिरने का खतरा है। जाम से बचना बड़ी चुनौती है। वाहन या बस से सोनप्रयाग तक पहुंच सकते हैं।

# चारधाम यात्रा 2023 का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया बसों को रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**उत्तराखंड** में शुक्रवार से चारधाम यात्रा 2023 का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश आईएसबीटी से "जय बद्री, जय केदार, चारों धामों में हो रही जय जयकार" के उद्घोष के बीच बसों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर चारधाम यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, परिवहन मंत्री चंदन रामदास, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नगर निगम महापौर अनीता ममगांई, हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले महाराज उपस्थित थे। इस दौरान संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोरोना काल के बाद दूसरी बार हो रही यह यात्रा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। अभी तक 16 लाख से अधिक यात्रियों ने अपना पंजीकरण करा लिया। यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसकी तैयारियां की हैं। सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि कोई भी यात्री बिना दर्शन करे वापस नहीं जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केदारनाथ में किए गए जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। इसी के साथ उन्होंने बद्रीनाथ में हो रहे विकास कार्यों के अतिरिक्त हेमकुंड जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे रोपवे पर कार्य भी जल्द पूरा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गंगोत्री-यमुनोत्री के विकास के लिए भी सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि यात्रा के दौरान जो भी समस्याएं आएंगी, उसे भी जल्द समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार चारों धामों में यात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से फूल वर्षा कर किया जाएगा।

### यात्रा सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी

**"जय बद्री, जय केदार, चारों धामों में हो रही जय जयकार" के उद्घोष के बीच बसों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

# मुख्तार की पत्नी अफसा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**टीम एक्शन इंडिया/मऊ**
**माफिया मुख्तार** अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी के खिलाफ शुक्रवार को मऊ पुलिस ने लुक आउट नोटिस (देश छोड़कर जाने पर पाबंदी) जारी किया है। भारत की सभी सीमाओं पर इसकी सूचना भेज दी गई अफसा पर पुलिस ने 25 हजार तो गाजीपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनके गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने जानकारी के देते हुए बताया कि आईएस-191 का सरगना माफिया मुख्तार अंसारी काफी समय से जेल में बंद है। उसके काली कमाई को उसकी पत्नी द्वारा चलाया जाता है। अफसा ने दो फर्मों की रजिस्ट्रेशन कराया, जो एक मऊ में तो दूसरा गाजीपुर से संचालित होता था। विकास कंस्ट्रक्शन के नाम से मऊ में फर्म का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसका मालिकाना हक मुख्तार के दो साले हैं। उस फर्म के जरिए दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रैनी गांव में कुछ सरकारी व दलितों की जमीन को अपने दबंगई के माध्यम से लिखवाई थी। उसी जमीन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गोदाम बनाकर करोड़ों रुपया सालाना किराया आता था। इसकी सूचना जब प्रशासन को लगी तो प्रशासन ने जांच करा कर कब्जा मुक्त कराया और मुख्तार अंसारी की पत्नी व सालों को खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया। क्षेत्राधिकारी नगर के अनुसार मुख्तार के जेल में रहने के दौरान सभी फर्म का संचालन उसकी बीवी आफसा करती है इस बात का डॉक्यूमेंट्री सबूत है। एक साल से फरार चल रही है। पुलिस कई बार दबिश दे चुकी। न्यायालय द्वारा कई बार कार्रवाई हुई, लेकिन वह ना तो आत्मसमर्पण की और न ही गिरफ्तारी दी। पुलिस को शक है कि भारत से विदेश भाग सकती हैं, इसीलिए पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया।

### सबूत

**मुख्तार के जेल में रहने के दौरान सभी फर्म का संचालन उसकी बीवी आफसा करती है इस बात का डॉक्यूमेंट्री सबूत है**

# प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेंगी सुषमा: ब्रजेश पाठक




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल प्रचण्ड बहुमत से चुनाव जीतेंगी। इसके साथ ही भाजपा के षार्षद उम्मीदवार भी भारी वोटों से जीत दर्ज करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हलवासिया मार्केट में भाजपा महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल के कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर यह बातें कहीं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में यहां पर उपस्थिति दर्ज कराकर समर्थन जताया है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि भाजपा महापौर उम्मीदवार के प्रति कार्यकताओं में भारी उत्साह है। सुषमा खर्कवाल के पक्ष में जो माहौल बन रहा है वह लगातार जीत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुषमा खर्कवाल के पास समय कम है। सभी वार्डों में उनका पहुंचना सम्भव नहीं है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने को सुषमा खर्कवाल समझकर पार्टी के लिए काम करें। इस अवसर पर भाजपा महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा मैदान में रहता है। इसलिए हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने कोई चुनौती नहीं है।

### दावा

**सभी वार्डों में उनका पहुंचना सम्भव नहीं है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता सुषमा खर्कवाल समझकर पार्टी के लिए काम करें**

